तापमान

अधिकतम 31.6 डिग्री

न्यूनतम 22.8 डिग्री

हरिभूमि

बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 13 अक्टूबर 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



एडमिशन के लिए एयू और डीपी कालेज का चक्कर काट रहे प्राइवेट विद्यार्थी।

खबर संक्षेप

एसआईआर के समर्थन में राष्ट्रभक्त रैली आज

बिलासपुर। वंदे मातरम मित्र मंडल के तत्वावधान में 13 अक्टूबर को लाल बहादुर शास्त्री स्कूल प्रांगण से एक भव्य और विशाल राष्ट्रभक्त रैली निकाली जाएगी। यह रैली दोपहर 11:59 बजे लाल बहादुर शास्त्री स्कूल प्रांगण से आरंभ होकर शहर के गोल बाजार, सदर बाजार, सिम्स चौक, देवकीनंदन चौक, नेहरू चौक पहुंचकर कलेक्टोरेट में समाप्त होगा। यहां राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

शिक्षा प्रकोष्ठ का शिक्षक सम्मान समारोह आज

बिलासपुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम के अंतर्गत भाजपा बिलासपुर शिक्षा प्रकोष्ठ के द्वारा उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन भाजपा कार्यालय करबला रोड में 13 अक्टूबर को दोपहर 3.30 बजे किया गया है। विद्यानंद साहू ने बताया कि इसमें बिलासपुर विधानसभा, तखतपुर विधानसभा, तथा बिल्हा विधानसभा से उत्कृष्ट शिक्षकों का शाल श्रीफल तथा मोमेंटो एवं सर्टिफिकेट के द्वारा सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमर अग्रवाल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक धरम लाल कौशिक करेंगे। विशिष्ट अतिथि विधायक धरम जीत सिंह, महापौर पूजा विधानी, प्रदेश संयोजक शिक्षा प्रकोष्ठ कांति लाल जैन, जिला शिक्षा अधिकारी संदीप पांडे, संभाग प्रभारी शिक्षा प्रकोष्ठ जयकुमार मिश्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर, राजेश मिश्रा, किशोर राय उपस्थित रहेंगे।

कांग्रेस का कलेक्टोरेट घेराव आज

बिलासपुर। पंचायत एवं नगर निगम के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की प्रशासनिक प्रताड़ना के विरूद्ध बिलासपुर जिला कांग्रेस द्वारा 13 अक्टूबर को कांग्रेस भवन से कलेक्टोरेट तक विरोध मार्च निकाला जाएगा और घेराव किया जाएगा। कांग्रेस द्वारा बेलतरा क्षेत्र के ब्लॉक अध्यक्ष की जमीन का सीमांकन, क्षेत्र में लगातार हो रहे अवैध उत्खनन पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। बेलतरा क्षेत्र की टूटी सड़कें, मूलभूत सुविधाओं का अभाव, बरसात में जलभराव और गरीबों के आशियानों पर तोड़फोड़ जैसे मुद्दे को लेकर कांग्रेस द्वारा मंगलवार 13 अक्टूबर को 11 बजे कलेक्टोरेट का घेराव किया जाएगा।

कांग्रेस सांसद के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर जताई नाराजगी

भाजपा महिला मोर्चा ने कांग्रेस भवन के भीतर घुसकर की नारेबाजी, घेराव

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला बिलासपुर शहर एवं ग्रामीण के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को कांग्रेस सांसद डॉ. अंगोमचा बिमोल अकोइजम पर छात्राओं के साथ यौन दुर्व्यवहार के गंभीर आरोपों के विरोध में कांग्रेस भवन घेराव व विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा की महिलाएं कांग्रेस भवन के पास के बेरिकेड हटाकर भीतर घुस गई और कांग्रेस भवन भीतर जमकर नारेबाजी की।



सोमवार को बेरीकेड हटाकर कांग्रेस कार्यालय में प्रवेश करतीं भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दिल्ली स्थित जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर कांग्रेस सांसद डॉ. अंगोमचा बिमोल अकोइजम पर 11 छात्राओं ने यौन शोषण का आरोप लगाया है, मामले की जांच के बाद उन्हें विवि से बर्खास्त कर दिया गया है, लेकिन कांग्रेस ने उनके खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है, यहां तक कि कांग्रेस के बड़े नेताओं ने भी इस पर चुप्पी साध रखी है, इसके विरोध में सोमवार को भाजपा महिला मोर्चा ने राष्ट्रव्यापी आंदोलन छेड़ दिया, इस परिप्रेक्ष्य में बिलासपुर महिला मोर्चा ने भी आंदोलन किया।

आज भाजपा महिला मोर्चा जिस समय कांग्रेस भवन का घेराव करने पहुंची, उस समय कांग्रेस भवन का चौकीदार मौजूद था जो कार्यालय खोलकर बैठा हुआ था। अचानक भाजपा महिला मोर्चा की महिलाओं की भीड़ को देख चौकीदार भी घबरा गया। कांग्रेस भवन के पास ही बेरिकेड लगे हुए थे जहां पर कुछ पुलिस वाले भी तैनात थे, किन्तु महिलाएं बेरिकेड को हटाकर कांग्रेस भवन पहुंच गई और भवन का गेट खुला हुआ था, इसलिए महिलाओं की भीड़ सीधे कांग्रेस भवन के भीतर घुस गई और वहां जमकर नारेबाजी प्रदर्शन करने के बाद वापस बाहर निकल आई। इधर कांग्रेस ने बिना सूचना के घेराव एवं भीतर घुसकर प्रदर्शन करने पर भाजपा महिला मोर्चा के खिलाफ एफआईआर किए जाने की मांग की है।

दूसरी तरफ विरोध प्रदर्शन के दौरान महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन के समक्ष अपना विरोध दर्ज कराते हुए संबंधित मामले की निष्पक्ष जांच तथ्यों के आधार पर जिम्मेदारी निर्धारित करने तथा कानून के अनुरूप उचित कार्रवाई की मांग की। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा बिलासपुर शहर एवं बिलासपुर ग्रामीण ने स्पष्ट किया कि महिलाओं एवं छात्राओं के सम्मान, सुरक्षा तथा न्याय के लिए लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाना जारी रहेगा। प्रदर्शन के माध्यम से संबंधित मामले में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और न्यायोचित कार्रवाई करने की मांग दोहराई गई। इस मौके पर महापौर पूजा विधानी, भाजपा प्रदेश मंत्री हर्षिता पाण्डेय, चंदना गोस्वामी, बिन्दु कछवाहा, मंजुला सिंह, जयश्री चैकसे, श्रद्धा तिवारी, रीना गोस्वामी, रीता भामरा, प्रतिभा मिश्रा सहित महिला मोर्चा की कार्यकर्ता उपस्थित रहें।



बैनर-पोस्टर लेकर नारेबाजी करतीं महिला मोर्चा की सदस्य।

पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष केशरवानी ने की निंदा

बिलासपुर में भाजपा की महिला नेत्रियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना और अनुमति के कांग्रेस पार्टी के कार्यालय में प्रवेश कर नारेबाजी करने, बैनर-पोस्टर एवं तख्तियां लगाने की घटना पर पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कड़ी आपत्ति जताते हुए इसकी निंदा की है। श्री केशरवानी ने कहा कि लोकतंत्र में विरोध करना प्रत्येक नागरिक का अधिकार है, लेकिन विरोध के नाम पर किसी राजनीतिक दल के कार्यालय में बिना अनुमति प्रवेश करना और वहां हंगामा करना लोकतांत्रिक मर्यादाओं एवं राजनीतिक शिष्टाचार के विरुद्ध है।

महिला मोर्चा पदाधिकारियों का यह कहना

- प्रदर्शन में शामिल बिलासपुर महापौर **पूजा विधानी** ने कहा कि छात्राओं की सुरक्षा, सम्मान एवं गरिमा से जुड़े किसी भी मामले को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। इस तरह के गंभीर आरोपों की निष्पक्ष जांच होना आवश्यक है, ताकि सच्चाई सामने आ सकें और कानून के अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित हो।
- भाजपा प्रदेश मंत्री **हर्षिता पाण्डेय** ने कहा कि महिलाओं के सम्मान और छात्राओं की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर समाज को एकजुट होकर आवाज उठानी चाहिए। यदि किसी जनप्रतिनिधि पर इस प्रकार के गंभीर आरोप लगते हैं, तो संबंधित मामले की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच होनी चाहिए।
- बिलासपुर शहर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष **स्नेहलता शर्मा** ने कहा कि छात्राओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना समाज और व्यवस्था की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस मामले में निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर महिला मोर्चा सड़क पर उतरा है। उन्होंने कहा कि आरोपों की सत्यता जांच के बाद ही निर्धारित होनी चाहिए, लेकिन मामले को गंभीरता से लेते हुए उचित प्रक्रिया के तहत कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए।

हम भाजपा कार्यालय का घेराव करेंगे

भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आज कांग्रेस भवन का घेराव प्रदर्शन रखा गया था जिसकी कोई सूचना नहीं दी गई थी और हम लोग दिल्ली में हैं। हमें पता चला कि महिलाएं कांग्रेस भवन भीतर अध्यक्षों के आफिस में घुस आई थी और वहां पर नारेबाजी विरोध प्रदर्शन की है। बिना सूचना इस तरह भवन भीतर घुसकर प्रदर्शन करना गलत है और महिला मोर्चा के खिलाफ एफआईआर की मांग करते हैं नहीं तो कांग्रेस भी भाजपा कार्यालय और भाजपा नेताओं के घर का घेराव करेगी।

- सिद्धांशु मिश्रा, अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी

पुलिस को सूचना दी गई थी

भाजपा महिला मोर्चा की ओर से कांग्रेस के सांसद पर यौन उत्पीड़न संबंधी आरोप मामले को कांग्रेस भवन का घेराव कार्यक्रम आयोजित था। इस घेराव प्रदर्शन की सूचना पहले ही पुलिस प्रशासन को दे दी गई थी। कांग्रेस भवन का गेट खुला हुआ था इसलिए महिलाएं भीतर जाकर नारेबाजी कर बाहर आ गई थीं, किसी तरह का कोई हंगामा तोड़फोड़ नहीं की गई है।

-स्नेहलता शर्मा, जिलाध्यक्ष शहर भाजपा महिला मोर्चा



बिलासपुर। बच्चे को स्कूल से लाकर पिता ने कार में बैठाया और कार चालू करने का प्रयास किया, इसी समय गाड़ी से धुंआ निकलने शुरू हो गया, वे आनन फानन में बच्चे को लेकर बाहर निकले तब तक कार भीषण आग की चपेट में आ गई, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। दमकल के पानी से आग बुझाने का प्रयास किया गया, परन्तु कार पूरी तरह जल गई।



तोरवा टीआई रजनीश सिंह ने बताया कि टिकरापारा निवासी मनीष गोयल 12 अक्टूबर को सुबह 11 बजे अपनी क्रेटा कार क्रमांक सीजी 10 एडब्ल्यू, 3604 में बच्चे को लेने रेलवे लिटिल बन्नी स्कूल गए थे। स्कूल के पास अपनी कार खड़ी कर बच्चे को लेने स्कूल गए। बच्चे को लाकर कार में बैठाकर कार चालू किया तो कुछ झटके के साथ आवाज आने लगी और कार से धुंआ निकलने लगा। धुंआ देखकर वे अपने बच्चे को लेकर कार से बाहर निकल गए। कुछ देर बाद कार में भीषण आग लग गई और आग की लपटों से कार घिर गई। कार में आग लगने से स्कूल व आसपास क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर तोरवा टीआई श्री सिंह स्टाफ के साथ मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलते ही दमकल लेकर कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। दमकल के पानी से आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। कुछ देर बाद आग पर काबू पाया गया। आग से कार पूरी तरह जल गई है। एक तरह से बड़ा हादसा टल गया है।

आधा दर्जन जगहों पर बिजली बंद, उपभोक्ता हलाकान

बिलासपुर। शेड्यूल मेंटनेंस के बाद भी बिजली बंद हो रही है, इससे आम लोगों के रोजमर्रा के काम प्रभावित हो रहे हैं। सोमवार को शहर के कई इलाकों में एक साथ बिजली ठप रही, जिसके चलते लोगों को हलाकान होना पड़ा है।



सोमवार को नेहरू नगर जोन अंतर्गत मुदड़ा हास्पिटल के पास घंटों बिजली बंद रही, इस दौरान बिजली विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर का डिस्ट्रीब्यूशन बाक्स बदला गया, जिसके चलते करीब 4 घंटे सप्लाई ठप रही। साथ ही गोलबाजार और गोड़पारा फीडर में निजी अस्पताल को सप्लाई देने के लिए गोल बाजार क्षेत्र, मध्यनगरी चौक, ईदगाह चौक जैसे इलाकों में सप्लाई बंद रखी गई, सुबह 10.30 बजे से बंद की गई बिजली दोपहर 3 बजे बहाल की गई। इस दौरान लोगों के घरों में अंधेरा छाया रहा और मौसम में गर्मी और उमस के कारण लोगों को परेशान होना पड़ा है। रविवार दरमियानी रात 2 बजे के करीब व्यापार विहार के आसपास ट्रांसफार्मर से सप्लाई बंद हो गई। उपभोक्ताओं द्वारा रात में शिकायत करने के बाद भी रात भर बिजली की मरम्मत नहीं की गई और सुबह 9 बजे सप्लाई शुरू हो सकी।

आज यहां रहेगी बिजली बंद



सरकंडा जोन के अंतर्गत सुबह 10 से 2.30 बजे तक बिजली सप्लाई ठप रहेगी। इस दौरान 33/11 केवी कोनी सबस्टेशन में मरम्मत कार्य किया जाएगा। जिसके चलते लोधीपारा, बनवारी लाल पारा, लक्ष्मी निवास, कलश आवास, शिवघाट, ललित पेट्रोल पंप सहित अन्य जगहों पर बिजली ठप रहेगी।

एसडीएम ने नए सिरे से किया कार्य विभाजन

एसडीएम ने बांटा काम, सात गांव तहसीलदार के हिस्से में

बिलासपुर। कलेक्टर द्वारा तहसीलदार, अतिरिक्त तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों के हाल ही में किए गए जंबो ट्रांसफर के बाद अधिकारियों द्वारा नई जगह पर चार्ज तो ले लिया गया है, लेकिन संबंधितों के बीच कार्य विभाजन नहीं हो सका था। एसडीएम द्वारा जारी कार्य विभाजन आदेश के अनुसार सारे अधिकारियों को छह से सात गांवों की जिम्मेंदारी दी गई है। इसके अंतर्गत खमतराई, बिजौर, परसाही, लिंगियाडीह, मंगला, सेंदरी, बिरकोना व परसदा क्षेत्र की जिम्मेंदारी तहसीलदार आकाश गुप्ता को सौंपी गई है।

विगत दिनों जिले में राजस्व विभाग में बड़े पैमाने पर हुए स्थानांतरण के बाद सारे अधिकारियों द्वारा अपनी नई जगह पर कार्यभार तो ग्रहण कर लिया गया था, लेकिन उन्हें किन जगहों की जिम्मेंदारी मिलेगी यह तय नहीं हो सका था। एसडीएम आकांक्षा त्रिपाठी के द्वारा सारे नव पदस्थ राजस्व अधिकारियों के बीच नए सिरे से कार्य विभाजन किया गया है। इसके अनुसार नायब तहसीलदार विनीता शर्मा को पेंडरवा, गोंदईया, लछनपुर, सेमरताल, भदौरियाखार, रमतला, तालापारा, सिरगिट्टी, बन्नाकडीह, बसिया, कोरमी, देवरीखुर्द एवं दोमुहानी की जिम्मेंदारी सौंपी गई है। इसी तरह नायब तहसीलदार समर्थ थवाईत को मटियारी, मोहरा, उरतुम, लगरा, खैरा, फरहदा, मोपका, चिल्हाटी, चांटीडीह व तिफरा की जिम्मेंदारी सौंपी गई है।

- बिलासपुर तहसील में तहसीलदार अतिरिक्त तहसीलदार व नायब सहित पांच अधिकारी पदस्थ

नायब तहसीलदार अनिरूद्ध तिवारी गतौरी, मोहतराई, चुमकवां, नवांगांव, लोफंदी, कछार, अमतरा, सरकंडा, कुदुदंड, तोरवा एवं बहतराई क्षेत्र का कामकाज देखेंगे। इसी तरह नायब तहसीलदार अप्रतिम पाण्डेय को मदनपुर, सिंघरी, भरारी, जलसो, सेमरी, कोनी, जूना बिलासपुर, जरहाभाठा, ढेका, महमंद, मानिकपुर एवं धुमा क्षेत्र की जिम्मेंदारी सौंपी गई है। ज्ञात हो कि बारिश के लगातार चार महीनों में सीमांकन का कार्य नहीं होने के कारण सर्वाधिक पेंडेंसी सीमांकन के ही प्रकरणों की है। इसी तरह डायवर्सन व नामांतरण के प्रकरणों में भी पेंडेंसी कम नहीं है। नए अधिकारियों के सामने सीमांकन, डायवर्सन एवं नामांतरण के लंबित प्रकरणों का सही समय पर त्वरित निपटारा कर पेंडेंसी की संख्या को कम करना बड़ा चैलेंज होगा।



Rera no.
PCGRERA190925001968
www.rera.cgstate.gov.in

A PROJECT BY
ORA MAKERS
Own your real asset.

New Town

Own it!

बड़े दिल वालों की
बड़ी दुनिया और बेहतर लोकेशन



- Majestic Grand Entrance Gate
- Modern Garden Living
- Elegant Clubhouse
- Attractive Waterbodies
- Lavish Swimming Pool with Kids' Pool
- Fully Equipped Gymnasium
- Indoor & Outdoor Games
- Yoga, Meditation & Jogging Spaces

Navratri Special Offer

Spin Wheel Bonanza

Compulsory Gift On Every Booking & Site Visit...



* T&C Apply

2, 3, 4, 5 BHK INDEPENDENT BUNGALOWS & PREMIUM PLOTS


Actual Photograph


Actual Photograph


Actual Photograph


Actual Photograph

Scan this QR code for Location

New Town, Beside Kanan Pendari Zoological Garden,
Sakri, Mungeli Road, Bilaspur (C.G.)

newtown.bsp@gmail.com | www.newtownbsp.com | Follow us

Call: +91 98931 13444, 98931 28333

एक TOWN बड़े दिल वालों का

खबर संक्षेप

10 सालो में नहीं बढ़ा वेतन नर्सिंग स्टाफ ने दिया धरना



बिलासपुर। सिम्स अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ ने विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन शुरू कर दिया है। नर्सिंग ऑफिसर्स एसोसिएशन के बैनर तले नर्सों ने 3 दिवसीय हड़ताल की घोषणा की है। नर्सों ने कहा कि ग्रेड पे 28 सौ से बढ़ाकर 48 सौ करना होगा। 10 सालों से वेतन नहीं बढ़ने के कारण नर्सिंग स्टाफ को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नर्सिंग अफिसर्स एसोसिएशन के तहत हो रहे आंदोलन में नर्सों ने कहा कि नियमित भर्ती प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है। पिछले 8 से 10 सालों से मांगों के लिए आंदोलन किया जा रहा है, लेकिन मांगें पूरी नहीं हो सकी है। नर्सिंग स्टाफ ने चेतावनी सरकार को चेताया है कि 3 दिनों में मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जाएगा। नर्सों ने कहा कि 2800 रुपये ग्रेड पे दिया जा रहा है, इसे बढ़ाकर 4800 रुपये किया जाना चाहिए। यह मांगे कई वर्षों से लंबित है। नर्सों ने कहा कि नियमित भर्ती प्रक्रिया शुरू नहीं हो रही है। सिम्स में साल 2016 के बाद से नियमित भर्ती नहीं हुई है नर्सिंग कर्मचारियों को ठेका आधार पर काम दिया गया है। चार साल का नर्सिंग डिग्री कोर्स करने पर 10 से 12 हजार रुपये मासिक वेतन दिया जा रहा है।

राजनीतिक दलों को दी गई निर्वाचन आयोग के विशेष अभियान की जानकारी

बिलासपुर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने सोमवार को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की बैठक लेकर नए और छूटे हुए पात्र मतदाताओं के पंजीयन के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान की जानकारी दी। उन्होंने राजनीतिक दलों से पात्र नागरिकों की पहचान और मतदाता सूची में उनके नाम दर्ज कराने में सहयोग की अपील की। बैठक में अतिरिक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी भी उपस्थित थे। कलेक्टर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार इस अभियान का उद्देश्य ऐसे पात्र नागरिकों और पहली बार मतदाता बनने वाले युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने की प्रक्रिया को सुगम बनाना है, जिनके नाम अब तक सूची में शामिल नहीं हो पाए हैं। बूथ लेवल अधिकारी यानी बीएलओ घर-घर भ्रमण कर मतदाता सूची के निरंतर अद्यतनीकरण की प्रक्रिया के अंतर्गत यह कार्य करेंगे। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान मतदाताओं की संख्या तथा विलोपित, स्थायी रूप से स्थानांतरित, अनुपस्थित एवं मृत मतदाताओं से संबंधित जानकारी दी गई। जिले की वेबसाइट पर प्रकाशित विलोपित मतदाताओं की सूची तथा दावा-आपत्ति संबंधी सूची में शामिल पात्र नागरिकों के नाम विशेष अभियान के दौरान दर्ज कराने के संबंध में भी अवगत कराया गया। कक्षा 11 वीं और 12 वीं में अध्ययनरत 17 वर्ष से अधिक आयु के विद्यार्थियों से फॉर्म-6 भरवाने की जानकारी दी गई, ताकि 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उनके नाम मतदाता सूची में शामिल किए जा सकें।

सीएमडी के नए विद्यार्थियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



सीएम दुबे महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत एवं मार्गदर्शन के लिए बीएड सभागार में भव्य इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कलेक्टर संजय अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि एसएसपी रजनेश सिंह तथा शासी निकाय के अध्यक्ष डॉ. संजय दुबे रहे। मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री अग्रवाल ने विद्यार्थियों से कहा कि विद्यार्थी जीवन भविष्य की नींव है। शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल परीक्षा उत्तीर्ण करना नहीं, बल्कि ज्ञान, विवेक, चरित्र और सामाजिक चेतना का विकास करना है। उन्होंने युवाओं को स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। एसएसपी रजनेश सिंह ने अनुशासन, परिश्रम और आत्मसंयम को सफलता का आधार बताया। उन्होंने विद्यार्थियों से नशा मुक्ति, साइबर अपराध जागरूकता, कानून के सम्मान और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने का आह्वान किया।

शासी निकाय अध्यक्ष डॉ. संजय दुबे ने कहा कि उन्होंने विद्यार्थियों को उपलब्ध संसाधनों का भरपूर लाभ उठाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले नवप्रवेशित विद्यार्थी वंशिका गुप्ता, अमृता, उत्कर्ष तिवारी, गीतिका, प्रियांशी कश्यप, पूजा साहू, आर्य अग्रवाल, गोविंद चौधरी, अलवीरा नाज़ तथा झुनझुन गुप्ता को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कई विद्यार्थियों को मोमेंटम मेडल भी दिए गए। छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर समां बांध दिया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. संजय सिंह, प्राध्यापक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

एमडी स्टूडेंट को मिलेगा मेडल

बिलासपुर। सिम्स में मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने और चिकित्सा शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन को सम्मानित करने के उद्देश्य से दो स्वर्णमंडित पदक व सहयोग राशि दी गई है। श्रीमती स्मृति गुप्ता, पत्नी डॉ. मनोज कुमार गुप्ता ने पिता स्व. श्रीकांत गुप्ता की स्मृति में एमडी मेडिसिन में सर्वश्रेष्ठ अंक और मान्या इमेजिंग एंड डायग्नोस्टिक पॉइंट के डॉ. कुमार देवाशीष, रेडियोलॉजिस्ट एवं निदेशक ने अपने स्वर्गीय महेन्द्र प्रसाद समैयार की स्मृति में एमडी रेडियोडायग्नोसिस में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्रा को स्वर्णमंडित पदक प्रदान करने 3 लाख रूपए के डिमांड ड्राफ्ट संस्थान को सौंपा है। सिम्स डीन डॉ. रमणेश मूर्ति ने सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि चिकित्सकों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित राशि प्रदान की गई है।

हर मन की बात सुनी जानी चाहिए: स्वाति जुनेजा



हेल्थ प्लस

बिलासपुर। नेहरू चौक वृंदावन प्लाजा स्थित माइंड ट्रीट क्लीनिक की संचालिका मनोवैज्ञानिक स्वाति जुनेजा ने बताया कि जिस तरह शरीर अस्वस्थ होने पर हम डॉक्टर के पास जाते हैं, उसी तरह भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य भी समय पर पेशेवर देखभाल का हक़दार है। जो बच्चा कभी स्कूल जाने के लिए उत्साहित रहता था, अब सोमवार की सुबह से घबराने लगा है। एक किशोर घंटों बंद कमरे में अकेला रहता है।एक विद्यार्थी को उत्तर आते हैं, फिर भी परीक्षा हॉल में उसका मन जैसे थम जाता है। शादी से कुछ हफ़्ते पहले एक युवा जोड़ा मन ही मन सोचता है कि क्या वे सच में एक-दूसरे को समझते हैं। एक वयस्क रात भर जागकर वही चिंताएँ बार-बार दोहराता रहता है। ये कहानियाँ असामान्य नहीं हैं। ये हमारे आसपास के घरों में हर दिन घट रही हैं, अक्सर बिना कहे। आज के बच्चे और युवा कड़ी शैक्षणिक प्रतिस्पर्धा, लगातार तुलना और ऊँची अपेक्षाओं के बीच बड़े हो रहे हैं।परीक्षा का दबाव और पढ़ाई का तनाव चिड़चिड़ेपन, नींद की कमी, भूखन लगने, अलग-थलग रहने या व्यवहार में अचानक बदलाव के रूप में सामने आ सकता है।माता-पिता अक्सर महसूस करते हैं कि "कुछ तो बदला है", पर समझ नहीं पाते कि क्या करें। वयस्कों पर भी अपने दबाव होते हैं, करियर, आर्थिक जिम्मेदारियाँ, रिश्ते और परिवार। समय के साथ अनसुलझा तनाव अत्यधिक चिंता, जरूरत से ज़्यादा सोचने (ओवरथिंकिंग), भावनात्मक बोझ, आत्मविश्वास की कमी या भावनाओं को संभालने में कठिनाई के रूप में दिख सकता है। कुछ लोग ओसीडी से जुड़े बार-बार आने वाले अनचाहे विचारों और दोहराए जाने वाले व्यवहारों से जूझते हैं और अक्सर झिझक के कारण चुपचाप सहते रहते हैं। दंपतियों और परिवारों में बातचीत धीरे-धीरे कमजोर पड़ सकती है, और जहां कभी निकटता थी, वहां दूरी आ जाती है। वहीं कई युवा अपने करियर और भविष्य की दिशा को लेकर गहरी उलझन में रहते हैं। भावनात्मक कठिनाइयाँ कमजोरी की निशानी नहीं हैं। ये संकेत हैं, और संकेतों पर ध्यान देना जरूरी है।

पेशेवर परामर्श क्यों ज़रूरी

दोस्तों और परिवार की सलाह का अपना महत्व है, लेकिन कुछ समस्याओं में एक प्रशिक्षित और निष्पक्ष पेशेवर की मदद अधिक उपयोगी होती है। काउंसलिंग एक सुरक्षित, गोपनीय और पूर्वाग्रह-रहित वातावरण देती है, जहाँ भावनाओं को समझा जा सकता है, व्यवहार के पैटर्न पहचाने जा सकते हैं और अपनी सुविधा की गति से परिस्थितियों का बेहतर ढंग से सामना करना सीखा जा सकता है। एसएच माइंडट्रीट बिलासपुर में काउंसलर स्वाति जुनेजा के मार्ग दर्शन में बच्चों, किशोरों, विद्यार्थियों, वयस्कों, दंपतियों और परिवारों के लिए पेशेवर काउंसलिंग, मनोवैज्ञानिक सहयोग, थेरेपी और व्यवहार-केंद्रित मार्गदर्शन उपलब्ध है। हर व्यक्ति का अनुभव अलग होता है, इसलिए यहाँ का दृष्टिकोण व्यक्तिगत है: शुरुआत ध्यान से सुनने और हर व्यक्ति की विशेष परिस्थिति को समझने से होती है।

बीपीएस में समूह नृत्य की प्रस्तुति



बिलासपुर। ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल बहतराई में 'हब ऑफ लर्निंग' समूह नृत्य गतिविधि का आयोजन किया गया। इसमें सेंट फ्रांसिस स्कूल, बाल भारती स्कूल एवं बीपीएस के विद्यार्थियों ने भाग लिया और देश की विविध लोकनृत्य परंपराओं की सुंदर झलक प्रस्तुत की।

कार्यक्रम में सहभागी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। प्रत्येक प्रस्तुति में देश के विभिन्न क्षेत्रों की विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान एवं कलात्मक परंपराओं की झलक देखने को मिली। सेंट फ्रांसिस स्कूल के विद्यार्थियों ने हरियाणा के ऊर्जावान हरियाणवी लोकनृत्य की प्रस्तुति देकर राज्य की जीवंत संस्कृति को साकार किया। वहीं बाल भारती स्कूल के विद्यार्थियों ने असम के मनमोहक एवं लयबद्ध बिहू नृत्य से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात विद्यालय के विद्यार्थियों ने पारंपरिक धुनुची नृत्य प्रस्तुत किया, जो अपनी भक्तिमय भावना और उत्सवपूर्ण भव्यता के लिए प्रसिद्ध है। बीपीएसके विद्यार्थियों ने महाराष्ट्र के गोंधळ नृत्य की प्रस्तुति देकर क्षेत्रीय लोक परंपराओं की समृद्धि तथा भारतीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के महत्व को रेखांकित किया। सभी प्रस्तुतियाँ लय, भावाभिव्यक्ति, समन्वय एवं सामूहिक प्रयास का उत्कृष्ट उदाहरण रहीं। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों में उनकी मेहनत, आत्मविश्वास, अनुशासन और कलात्मक प्रतिभा स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई। इस गतिविधि ने विद्यार्थियों को सांस्कृतिक विविधता को समझने, मंच पर आत्मविश्वास विकसित करने तथा भारत की विभिन्न कलात्मक परंपराओं के महत्व को जानने का सार्थक अवसर प्रदान किया। विद्यालय के अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि किसी भी गतिविधि में केवल जीत पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय उसमें भाग लेने से प्राप्त अनुभवों, सीख और व्यक्तिगत विकास को अधिक महत्व देना चाहिए। विद्यालय की निदेशक प्राचार्या डॉ. श्रुति गुप्ता ने व्यक्तिगत विकास में दृढता, धैर्य और कठिन परिस्थितियों का सामना करने की क्षमता के महत्व पर प्रकाश डाला।

कौशल विकास यात्रा ने युवाओं को नए रोजगार से जोड़ा

बिलासपुर। युवाओं को शिक्षा, कौशल विकास, करियर मार्गदर्शन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और भविष्य के रोजगार अवसरों से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित आईसेक्ट कौशल विकास यात्रा–2026 का समापन आरंग में हुआ।

'समर्थ भारत–सक्षम भारत' थीम पर आयोजित इस राष्ट्रव्यापी अभियान के समापन समारोह में कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार मंत्री गुरु खुशवंत साहेब शामिल हुए। आईसेक्ट कौशल विकास यात्रा–2026 का आयोजन 5 अक्टूबर से किया जा रहा है। यात्रा के दौरान विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति, कौशल आधारित शिक्षा, उच्च शिक्षा, रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण और भविष्य के करियर विकल्पों की जानकारी दी गई। युवाओं को एआई के क्षेत्र में उभरते करियर विकल्पों और भविष्य में आवश्यक कौशल से भी परिचित कराया गया। मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि आईसेक्ट यह कार्य महत्वपूर्ण है महत्वपूर्ण है। वर्तमान समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिक्षा, उद्योग, स्वास्थ्य, व्यवसाय, रोजगार और नवाचार सहित विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि आईसेक्ट कौशल विकास यात्रा युवाओं को शिक्षा, कौशल, एआई और रोजगार के बदलते अवसरों से जोड़ने की महत्वपूर्ण पहल है।







खबर संक्षेप

सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वच्छता अभियान आज


तखतपुर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम के तहत नगर में 13 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से सरदार वल्लभ भाई पटेल परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्षेत्रीय विधायक धर्मजीत सिंह, भाजपा प्रदेश मंत्री हर्षिता पाण्डेय प्रदेश सह संयोजक, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी प्रदीप कौशिक जिला महामंत्री जिला संयोजक भाजपा मिडिया प्रभारी रहे ओंकार सोनी ने दी।

14 को डिप्टी सीएम साव सुनेंगे लोगों की समस्याएं

लोरमी। समस्याओं एवं शिकायतों को सुनने तथा उनके निराकरण के लिए शासन-प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से 14 अक्टूबर को लोरमी रेस्ट हाउस में जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री अरुण साव दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित इस कार्यक्रम में नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं एवं मांगें सुनेंगे। इस दौरान प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागों के माध्यम से नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाएगी, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सुविधाजनक मंच मिल सके। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने कार्यक्रम के सुचारु संचालन एवं जनसमस्याओं पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्धारित समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।



केंद्रीय राज्य मंत्री से मिले जनपद सदस्य क्षेत्र के विकास के लिए रखी 4 मांगें



मल्हार। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मटिया में नवीन भवन का लोकार्पण कार्यक्रम में पहुँचे केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू से क्षेत्र के विकास और जनसमस्याओं के निराकरण को लेकर जनपद सदस्य ज्वाला बंजारे ने चार प्रमुख मांगें रखीं। इनमें मस्तूरी से सोन-लोहर्सी तक नहर पटरी, विद्याडीह-मटिया में महाविद्यालय की स्थापना, बकर कूदा से मटिया तक सड़क निर्माण तथा ग्राम बकर कूदा में अरपा नदी से वाटर लिफ्टिंग के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की मांग शामिल है। जनपद सदस्य ने क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न विकास कार्यों को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। क्षेत्र के किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने और कृषि कार्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मस्तूरी से सोन-लोहर्सी तक नहर पटरी निर्माण की मांग रखी गई। ग्रामीण विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों में जाने से राहत दिलाने के लिए विद्याडीह-मटिया में शासकीय महाविद्यालय खोलने की मांग की गई। उन्होंने केंद्रीय मंत्री तोखन साहू से मांगों पर सकारात्मक पहल करते हुए संबंधित विभागों के माध्यम से आवश्यक कार्रवाई कराने का आग्रह किया।

हैप्पीनेस शिविर का समापन प्रतिभागियों ने सीखा योग

लोरमी। आर्ट ऑफ लिविंग के द्वारा आयोजित छः दिवसीय हैप्पीनेस शिविर का समापन हुआ। प्रशिक्षक हरजिंदर छाबड़ा ने बताया कि प्रतिभागियों ने इन 6 दिनों में योग, ध्यान, प्राणायाम, श्वास के प्रति जागरूक, सुदर्शन क्रिया व जीवन जीने की कला सीखी।
शिविर में डॉक्टर रूपेश साहू, मनीषा बांदेकर, रीनू षड़ंगी, वंदना राजपूत, लीना छाबड़ा, प्रेमा अग्रवाल, ज्योति तिवारी, अनामिका चौहान, किरण साहू, गरिमा, प्राची साहू, मधु साहू, शिवांगी छाबड़ा, गोपाल अग्रवाल, राकेश तिवारी, देव चौहान, दिलीप राजपूत, वीरेंद्र, देवेन्द्र, आदित्य वर्धन, नंदिता उपाध्यक्ष, सूर्यकांत शर्मा, धर्मेंद्र साहू, धनेश साहू, बिहारी लाल यादव ,प्रमोद जायसवाल, कमलेश श्रीवास, विनोद तिवारी, आशीष डड़सेना, जेमीन सपरिया, दिनेश जायसवाल, हीरामणि आदि शामिल हुए।

जयकारों से गूंजा बेलतरा क्षेत्र, सुशांत की अगुवाई में निकली यात्रा

आदिवासी बहुल गांवों में उत्साह, सामाजिक सौहार्द की दिखी झलक

समाज के प्रत्येक वर्ग को एक सूत्र में पिरोने का संदेश दे रही ध्वजा यात्रा





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

महामाया के प्रति अटूट आस्था, सनातन संस्कृति के प्रति समर्पण और जन-जन की सहभागिता का अद्भुत संगम बेलतरा विधानसभा में निकाली जा रही भव्य ध्वजा यात्रा के दूसरे दिन देखने को मिला। ग्रामीणों ने आत्मीय स्वागत कर यात्रा का अभिनंदन किया, तो कहीं पारंपरिक जसगीतों की धुन पर श्रद्धालु भक्ति में झूमते नजर आए। विधायक सुशांत शुक्ला के नेतृत्व में निकली शारदीय नवरात्रि की भव्य ध्वजा यात्रा का दूसरा दिन श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता के नाम रहा। महामाया एवं श्री गिरजाबंध हनुमान के जयकारों के साथ यात्रा ने टेकर से आगे की यात्रा प्रारंभ की। इसके बाद गिधौरी, नेवसा, जाली, बेलतरा, सलखा, धौरामुड़ा, बिटकुली, करमा, बसहा,नगपुरा, गोपालपुर, पाण्डेयपुर और भिल्मी होते हुए यात्रा रात्रि विश्राम के लिए भाड़ी पहुँची। यात्रा के मार्ग में जगह-जगह ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं ने आत्मीय स्वागत कर अपनी गहरी आस्था और उत्साह प्रकट किया। माता के जयकारों, भक्ति गीतों और जसगीतों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय बना रहा। विधायक सुशांत शुक्ला के नेतृत्व में निकाली जा रही यह ध्वजा यात्रा सनातन संस्कृति के संरक्षण, धार्मिक आस्था के संवर्धन और समाज के प्रत्येक वर्ग को एक सूत्र में पिरोने का संदेश दे रही है। गांव-गांव में मिल रहा उत्साहपूर्ण समर्थन और श्रद्धालुओं की सहभागिता इस यात्रा को जन-जन की आस्था का उत्सव बना रही है।

भाड़ी में गूंजी भक्ति की स्वर-लहरियां

ध्वजा यात्रा के दूसरे दिन का समापन भाड़ी में रात्रि विश्राम के साथ हुआ। इस अवसर पर हिलेन्द्र सिंह ठाकुर द्वारा माता के जगराते की भक्तिमय प्रस्तुति दी गई। माता के भजनों और जयकारों से पूरा ग्राम भक्तिरस में सराबोर हो गया।

तीसरे दिन भी जारी रहेगी यात्रा

ध्वजा यात्रा के तीसरे दिन भाड़ी से यात्रा आगे बढ़ेगी। निर्धारित मार्ग के अनुसार यात्रा खैरा, डंगनिया, सेलर, मोहरा, उरतुम, परसाही और उरैहापारा होते हुए माँ वैष्णोदेवी मंदिर, नागोई पहुँचेगी, जहाँ रात्रि विश्राम प्रस्तावित है। माँ महामाया के जयकारों के साथ आगे बढ़ रही यह यात्रा बेलतरा विधानसभा के लगभग 48 ग्राम पंचायतों से होकर महामाया मंदिर रतनपुर तक पहुंचेगी।

बेलतरा में कुर्मी समाज ने किया स्वागत

बेलतरा में कुर्मी समाज द्वारा ध्वजा यात्रा का भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया गया। समाज के लोगों ने धार्मिक उत्साह के साथ यात्रा का अभिनंदन किया और माँ महामाया के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इस दौरान सामाजिक सहभागिता, आपसी सौहार्द और धार्मिक एकजुटता की सुंदर झलक देखने को मिली।

आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में दिखा उत्साह

सलखा, धौरामुड़ा और बिटकुली,करमा, बसहा जैसे आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में ग्रामीणों का उत्साह देखते ही बन रहा था। बड़ी संख्या में ग्रामीणजन पूरे जोश और उमंग के साथ यात्रा में सहभागी बने। माता के जयकारों और पारंपरिक जसगीतों की धुन पर श्रद्धालु झूमते, नाचते और गाते नजर आए।



तेरह कन्याओं ने मांसाहार त्यागने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ मस्तुरी

ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा प्रभु अनुराग भवन भाटापारा कोटमी सुनार में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भगवद्गीता का सार-सुखद जीवन का आधार ज्ञान यज्ञ के अंतिम दिवस राजयोग शिक्षिका एवं गीता सार प्रवक्ता ब्रह्माकुमारी शशिप्रभा दीदी ने गीता के आध्यात्मिक रहस्यों और नवरात्रि महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि नवरात्रि के नौ दिनों में जीवहत्या एवं मांसाहार का त्याग करने की भावना जागृत होती है, लेकिन सच्ची आध्यात्मिक उन्नति तभी है जब जीवों के प्रति करुणा जीवनभर का संस्कार बने। गीता ज्ञान हमें दया, पवित्रता, आत्मसंयम और श्रेष्ठ कर्मों की प्रेरणा देता है। नवरात्रि का वास्तविक संदेश है—अपने भीतर की आसुरी प्रवृत्तियों पर विजय प्राप्त कर दैवी गुणों को धारण करना। समापन समारोह में सभी ने अपनी एक-एक कमी एवं अवगुण को त्यागने का संकल्प लेकर उसकी प्रतीकात्मक आहुति हवन कुंड में 'स्वाहा' के साथ अर्पित की। परमात्मा को साक्षी मानकर सभी ने प्रतिज्ञा की कि वे अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाएँगे और त्यागे गए अवगुणों को दोबारा जीवन में स्थान नहीं देंगे। यह आत्मपरिवर्तन की अनूठी पहल ज्ञान यज्ञ की भावपूर्ण एवं प्रेरणादायी पूर्णाहुति बनी। अंत में संदेश दिया गया कि अपनी भूलों के लिए क्षमा माँगना, दूसरों को क्षमा करना और स्वयं में सुधार लाना ही सच्ची साधना है। जब मन के विकारों की आहुति होती है तभी जीवन में दैवी गुणों का उदय होता है।

'पहल' कार्यक्रम के तहत साइबर अपराधों से बचाव, सुरक्षा की दी गई जानकारी

मुंगेली। जिले में साइबर अपराधों की रोकथाम और आम नागरिकों को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस की ओर से विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल राम रावटे के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय स्थित बिलासपुर पीसीएस कोचिंग संस्थान में 'पहल' कार्यक्रम के अंतर्गत साइबर जागरूकता अभियान आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के विभिन्न तरीकों, ऑनलाइन ठगी से बचाव और इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग करने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। बदलते डिजिटल परिवेश में साइबर अपराधी लोगों को अलग–अलग तरीकों से निशाना बनाते हैं। ऐसे में जागरूकता और सतर्कता ही साइबर ठगी से बचाव के प्रभावी उपाय हैं। साइबर जागरूकता कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को अनजान कॉल, संदिग्ध संदेशों, फर्जी लिंक और ऑनलाइन भुगतान से जुड़ी धोखाधड़ी के प्रति सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही बताया गया कि



किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी, पासवर्ड या अन्य संवेदनशील विवरण साझा नहीं करना चाहिए। प्रतिभागियों को सोशल मीडिया का सावधानीपूर्वक उपयोग करने, मजबूत पासवर्ड रखने और किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि की स्थिति में तत्काल संबंधित माध्यमों से शिकायत करने की सलाह दी गई। साइबर ठगी का शिकार होने पर शीघ्र सहायता के लिए राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करने तथा आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराने की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रति सजग बनाना और उन्हें अपने परिवार एवं समाज में भी डिजिटल सुरक्षा का संदेश पहुंचाने के लिए प्रेरित करना रहा।

पानी टंकी के पास मिला 26 वर्षीय युवक का शव, इलाके में फैली सनसनी

पथरिया। नगर के वार्ड क्रमांक 14 स्थित पानी टंकी के पास एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान कुंदन कुमार बघेल (26 वर्ष), निवासी चोरभट्टी, पथरिया के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने पर पथरिया पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

- रातभर घर नहीं लौटा तो परिजनों ने की तलाश, अगले दिन मिला शव, पीएम रिपोर्ट से स्पष्ट होगा

पुलिस के अनुसार, 10 अक्टूबर की शाम करीब 6 बजे सूचना मिली कि पानी टंकी के पास एक युवक जमीन पर मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के दौरान मृतक की पहचान की। इसके बाद पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरिया लाया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।
मुंगेली से लौटने के बाद घर नहीं पहुंचा युवक- पुलिस के अनुसार, 9 अक्टूबर को कुंदन कुमार बघेल किसी काम से अपने परिजनों के साथ मुंगेली गया था। काम पूरा होने के बाद सभी पथरिया लौट आए, जिसके बाद परिजन अपने घर चले गए। देर रात तक युवक के घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। नगर के विभिन्न स्थानों पर खोजबीन करने के बावजूद रात में उसका कोई पता नहीं चल सका। अगले दिन 10 अक्टूबर को पानी टंकी के पास उसका शव मिलने की सूचना मिली।
पीएम रिपोर्ट के बाद स्पष्ट होगा मौत का कारण- थाना प्रभारी पथरिया पवन कुमार देवांगन के अनुसार, मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। फिलहाल युवक की मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

नवागांव घुठेरा में जागरण व भजन संध्या कल

मुंगेली। ग्राम नवागांव घुठेरा में नवप्रभात दुर्गा उत्सव समिति बजरंग चौक में माता रानी के जागरण एवं भजन संध्या का आयोजन 14 अक्टूबर को रात्रि 9 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम में जागरण ग्रुप के भजन गायक सोनू गुप्ता कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगे। उक्ताशय की जानकारी सरपंच नारायण साहू ने दी।

लूटपाट करने वाला गिरफ्तार

कोरबा। बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत वेदप्रकाश सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि रामबाबु कैम्प सुराकछार के पास ट्रेलर क्र. सीजी 04 एचबी 5231 एवं सुरिजपाल का ट्रेलर क्र. सीजी 12 एस 1698 का हार्स इंजन के दो-दो टायर को मुन्शी विकास यादव को तलवार से डरा धमकाकर चोरी कर ले जा रहे थे जो चिल्लाने पर छोड़कर कार में भाग गये तथा सुरिजपाल के हार्स केबिन अंदर दरवाजा खोलकर 2 नग बैटरी, जैक, व्हील पाना को भी लूटकर ले गये।

निधन

अंजोर दास कुर्रे



बिलासपुर। तखतपुर के ग्राम राजपुर निवासी अंजोर दास कुर्रे का 8 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे दुलौरिन कुर्रे के पति, महेन्द्र और सत्येन्द्र कुर्रे के पिता थे।

बेलपान में कांग्रेस ने मनाया काला दिवस

भाजपा सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

तखतपुर। दिल्ली में राहुल गांधी एवं कांग्रेस के साथियों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में सोमवार को बेलपान में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तखतपुर (ग्रामीण) एवं नगर कांग्रेस कमेटी तखतपुर के संयुक्त नेतृत्व में काला दिवस मनाया गया। कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर घटना की कड़ी निंदा की और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

पूजा मक्कड़ ने कहा कि लोकतंत्र में विरोध की आवाज को दबाने के बजाय उसे सुना जाना चाहिए। राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हैं, लेकिन विपक्ष के अधिकारों और लोकतांत्रिक परंपराओं का सम्मान करना जरूरी है। जितेंद्र पाण्डेय ने कहा कि राहुल गांधी एवं कांग्रेस के साथियों पर लाठीचार्ज की घटना लोकतंत्र में असहमति के सम्मान को लेकर गंभीर सवाल खड़े करती है। शिवबालक कौशिक, मुन्ना श्रीवास, श्यामसूरत कौशिक, अभ्युदय जित्तू



तिवारी ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में नगर कांग्रेस कमेटी तखतपुर के अध्यक्ष शैलेन्द्र निर्मलकर ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस सचिव आत्मजीत सिंह संजू मक्कड़, किसान कांग्रेस अध्यक्ष बिसाहु राम कश्यप, मंडल अध्यक्ष गोविन्द साहू, जिला उपाध्यक्ष सुरेश ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य शिवेंद्र कौशिक, उपाध्यक्ष हेमंत कौशिक एवं रामस्वरूप कश्यप, महामंत्री अजमेर खान, सेक्टर अध्यक्ष बलदाऊ शेष एवं संतोष मानिकपुरी, स्वारथ मरावी, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र राज सूर्यवंशी, पूर्व अध्यक्ष पुष्पा श्रीवास, बिहारी देवांगन, अजय ध्रुव, करीम कुरैशी, एनएसयूआई अध्यक्ष प्रियांशु डहरिया, अंकित मसीह, अशीन सैमुएल, महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सुनीता बंजारे, सभापति अनुपमा अभिषेक पाण्डेय, लवली हुरा, ममता पाण्डेय, जगेश कौशिक, देवी साहू, अनिल कौशिक, रोशन रजक, परमेश्वर कौशिक, नवीन कौशिक, नागेश कौशिक एवं विकास गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

लोकतंत्र बचाओ मार्च निकाल राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

बोदरी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिल्हा द्वारा काला दिवस लोकतंत्र बचाओ सप्ताह के अंतर्गत लोकतंत्र बचाओ, वोट बचाओ, देश बचाओ मार्च का आयोजन किया गया। नगर पालिका बोदरी के वार्ड क्रमांक 3 से मार्च करते हुए भीमराव अम्बेडकर चौक पहुंच कर अम्बेडकर के मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया एवं राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर बिल्हा के पूर्व विधायक सियाराम कौशिक ने एस आई आर के नाम पर देश भर में लोगो के मतदाता सूची से नाम काटा गया है एवं निर्वाचन में वोटो की चोरी की जा रहीं हैं। साथ ही उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष गीतांजलि कौशिक वीरेन्द कौशिक, मनोज वर्मा दिवाकर, आत्मा राम गिदवानी, लक्ष्मी दीवान, दिवाकर दुबे, राजू ध्रुव, योगेश कौशिक रूपेंद्र वर्मा, जग़न्नाथ धुर्वेशी, संगीता यादव, शशि किरण, राज बनवारे, लक्ष्मी कुलदीप, राजकुमारी सीहोरे, अश्वनी जायसवाल, रोहित साहू, मोहित आगरे, वीरेंद्र सीहोरे मनोज यादव, विनोद सीहोरे तीज राम वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।



सरगांव में कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई, 1400 रुपए का चालान

मुंगेली। जिले में तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों से लोगों को बचाने और शैक्षणिक संस्थानों के आसपास तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग एवं खाद्य एवं औषधि प्रशासन की ओर से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नगर पंचायत सरगांव में कोटपा एक्ट, 2003 के तहत कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान शासकीय विद्यालयों के आसपास स्थित 12 दुकानों पर कुल 1 हजार 400 रुपये की चालानी कार्रवाई की गई। अभियान का उद्देश्य शैक्षणिक संस्थानों के आसपास तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर नियंत्रण रखना और विद्यार्थियों को तंबाकू के दुष्प्रभावों से सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। प्रवर्तन दल ने दुकानों का निरीक्षण कर तंबाकू नियंत्रण कानून के प्रावधानों के पालन की जांच की और उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार चालानी कार्रवाई की। कोटपा एक्ट, 2003 के अंतर्गत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान, तंबाकू उत्पादों के विज्ञापन तथा नाबालिगों को तंबाकू उत्पाद बेचने पर प्रतिबंध सहित विभिन्न प्रावधान लागू हैं। अधिनियम की धारा 6 के तहत शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पादों की बिक्री प्रतिबंधित है। अभियान के माध्यम से दुकानदारों को इन प्रावधानों का पालन करने के महत्व से अवगत कराया गया। अभियान के दौरान सरगांव स्थित गरिमा मेडिकोज का औषधि प्रसाधन अधिनियम, 1940 एवं नियमावली, 1945 के अंतर्गत निरीक्षण किया गया।

न्यायालय श्रीमान् व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)
बीना जायसवाल.....आवेदिका/वादिनी
विरूद्ध
आम जनता वगैरह.....प्रतिवादीगण
व्य.वा.क्र.-153अ/2026
पेशी दिनांक-16.11.2026
प्रो. क्रमांक- 756/26
नोटिस/ईश्तहार
आवेदिका/वादिनी बीना जायसवाल के द्वारा नाम की उद्घोषणा किये जाने बाबत् माननीय न्यायालय के समक्ष वादपत्र प्रस्तुत किया है, जिसमें आगामी सुनवाई दिनांक-16.11.2026 को नियत है, जिस हेतु किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो उपरोक्त नियत पेशी दिनांक-16.11.2026 को स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति पेश कर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लें, अन्यथा प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। यदि किसी कारणवश दिनांक 16.11.2026 को अवकाश घोषित हो जाता है, या कार्य स्थगित हो जाता है, तो प्रकरण की कार्यवाही अगले दिवस को की जावेगी।
अतः आज दिनांक- 12/10/26 मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया है।
मुंगेली, दिनांक- 12/10/26
(कु. नारायणी कच्छप)
व्यव.न्या.क.श्रेणी के प्र.अ.न्या. मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

आम सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं प्रीति तिवारी पति अशोक तिवारी निवासी वार्ड नं. 10 दुल्लापुर पो. महली तहसील पंडरिया जिला कबीरधाम छ0ग0 की हूं जो कि मेरे द्वारा विक्रेता पुष्पराज सिंह ठाकुर पिता सीताराम सिंह ठाकुर निवासी मदनपुर पो. फास्टरपुर से पंजीकृत बैनामा दिनांक 18.11.2020 के माध्यम से खसरा नं. 551/33 रकबा 116.17 वर्गमीटर भूमि जो मौजा मुंगेली महाराणा प्रताप वार्ड क्रं. 20 में स्थित है को क्रय किया गया है। उक्त भूमि को विक्रेता पुष्पराज सिंह ने पंजीकृत बैनामा से पूर्व में विक्रेता शुभ रियल्टी भागीदार आकाश गोविंदानी के ओर से मुख्तयार खास विक्की ईंदनामी के जरिए दिनांक 28.06.2013 को क्रय किया था। उक्त मूल बैनामा को पुष्पराज सिंह द्वारा मुझे प्रदान किया गया था। दोनो पंजीकृत बैनामा कही गुम हो गया है जो काफी प्रयास के बाद भी नही मिल रहा है। उक्त दोनो पंजीकृत बैनामा दिनांक 28.06.2013 एवं 18.11.2020 के गुम हो गया है यदि उक्त बैनामा किसी व्यक्ति को प्राप्त होता है और उक्त दोनो बैनामो का बिना मेरी जानकारी के गलत तरीके से उपयोग कर उक्त बैनामो आधार पर किसी वित्तीय संस्थान, बैंक या किसी भी कार्यालय में कोई रहन गहन, ऋण या अन्य वित्तीय संव्यवहार किया जाता है तो वह पूर्णतः अवैधानिक होगा। जिसकी सूचना सर्वसाधारण को दी जाती है। किसी भी व्यक्ति को यदि कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस के भीतर मुझसे आकर संपर्क करें। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।
दिनांक - 12/10/26
भवदीय
प्रीति तिवारी

आम सूचना
मैं अपने पक्षकार दल्लूराम आत्मज स्व. गंगा प्रसाद उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम निरतू तहसील तखतपुर जिला-बिलासपुर छ.ग. की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर सर्व साधारण के लिए आम सूचना का प्रकाशन करती हूं कि मेरे पक्षकार द्वारा मौजा निरतू प.ह.नं. 53 रा.नि.मं. सकरी तहसील तखतपुर जिला - बिलासपुर छ.ग. ख.नं. 59, 696, 738, 739, 742, 756, 783, 1227/2, 1227/3, 1227/3, 1227/4, 1228, 1316 रकबा क्रमशः 0.10, 0.18, 0.62, 0.09, 0.17,0.32, 0.49, 0.27, 0.38, 0.28, 0.39, 0.46, 0.54 कुल रकबा 3.75 एकड़ भूमि पर 1/3 अंश पर स्वत्व है। उपरोक्त वर्णित सभी खसरा नंबरों की भूमि का स्वत्व एवं आधिपत्य का वाद वर्तमान में न्यायालय श्रीमान नवम जिला न्यायाधीश बिलासपुर छ.ग.में लंबित है। चूंकि मामला न्यायालय के विचाराधीन है। अतः इस स्थिति में यदि कोई भी व्यक्ति, संस्था या पक्षकार उक्त भूमि या इसके किसी भी अंश को खरीदता है, बेचता है, दान करता है, रेहन /बंधक रखता है या किसी भी प्रकार का हस्तांतरण करता है तो वह पूर्णतः अवैध, निस्प्रभावी व शून्य माना जायेगा। ऐसे किसी भी अनाधिकृत एवं अवैध लेन-देन के लिए क्रेता व विक्रेता स्वयं जिम्मेदार होगें तथा इसके लिए कोई भी पक्ष विधिक संरक्षण का दावा नहीं कर सकेगा।
दिनांक-12/10/2026
आवेदक वास्ते
सूचनाकर्ता/ अधिवक्ता
गुंजन तिवारी
कार्यालय एवं निवास-सूर्य विहार
सीपत रोड पो. एस.ई.सी.एल.
बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं.- 9179507993

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर
आम सूचना
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा दीनदयाल आवास योजना मंगला, बिलासपुर में निर्मित भवन क्रमांक एल.आई.जी.217, मूल आबंटी श्री नवीन चन्द्र पाण्डेय पिता श्री जी.पी पाण्डेय को स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित भवन का विक्रय विलेख दिनांक 28.03.2006 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत द्वितीय क्रेता द्वारा विलेख दिनांक 14.11.2025 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को श्रीमती पूजा सिंह पति श्री प्रकाश सिंह ठाकुर, के नाम पर नामांतरण करने हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
किसी भी व्यक्ति/ शासकीय/ अर्द्धशासकीय/वित्तीय संस्था/ बैंक इत्यादि को इस भवन के नामांतरण / हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/ आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/ हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।
संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय नवम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)
संजू कुमार.....वादी
बनाम
छ.ग.मा.शिक्षा मण्डल रायपुर वगैरह
....**प्रतिवादीगण**
प्रोसेस क्रमांक-654/26
व्य.वा.क्र.अ श्रेणी/319/2026
पेशी ता.- 25/11/2026
आम जनता जिससे संबंधित हो
न्यायालयीन नोटिस प्रकाशन
इस न्यायालय में लंबित व्यवहार वाद क्रमांक अ श्रेणी/319/2026 पक्षकार संजू कुमार विरूद्ध छ.ग. मा.शि. मण्डल रायपुर वगैरह में वादी द्वारा इस न्यायालय में एक आवेदन पत्र वास्ते त्रुटिपूर्ण जन्म तिथि में सुधार की घोषणा की आज्ञप्ति प्राप्ति हेतु वद मूल्य 300/- के संबंध में प्रस्तुत किया गया है इस संबंध में उपरोक्त प्रकरण की सुनवाई न्यायालय में सुनवाई हेतु दिनांक 25/11/2026 की तिथि निर्धारित की गई है।
अतः नोटिस समाचार पत्र के प्रकाशन के माध्यम से आम जनता को सूचना देते हुये निर्देशित किया जाता है कि सुनवाई तिथि 25/11/2026 को इस न्यायालय में ठीक 11:00 बजे दिन में न्यायालय में स्वयं अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर प्रकरण में अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। यदि सुनवाई तिथि दिनांक 25/11/2026 को किसी कारणवश न्यायालय बंद होने न्यायालयीन अवकाश होने की स्थिति में प्रकरण की अग्रिम सुनवाई नियमित रूप से अगले कार्य दिवस पर की जा सकेगी।
मेरे हस्ताक्षर/न्यायालय के सील मुद्रा से आज दिनांक 6/10/2026 को जारी किया गया।
(कु.कोनिका यादव)
नवम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)
(सेन्ट्रल प्रोसेस फीस संक्शन के उपयोग हेतु)

आम सूचना (PUBLIC NOTICE)
सर्वसाधारण संबंधित को सूचित किया जाता है कि हम मेसर्स माँ शारदा इन्फ्राकॉन, प्रधान कार्यालयः उषा कॉम्प्लेक्स, पंजाब नेशनल बैंक के पास, सीपत रोड, राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.), जो कि एक भागीदारी फर्म है, जिसमें निम्नलिखित भागीदार थे:
1. श्री अजीत कुमार शुक्ला (पिता श्री कृष्ण कुमार शुक्ला) 2. श्री वसंत चौरसिया (पिता श्री भदी चौरसिया) 3. श्री चंद्रशेखर सिंह (पिता श्री केश

हरिभूमि

बिलासपुर, मंगलवार 13 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



बोलबम दुर्गा उत्सव समिति सरकंडा।



मां महामाया दुर्गा उत्सव समिति सीपत चौक।



ओम दुर्गा उत्सव समिति बंधवापारा।



मां महामाया दुर्गा उत्सव समिति बन्नाक चौक।

नवदुर्गा की हुई स्थापना, नौ दिनों तक होगी पूजा-अर्चना

बिलासपुर। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा विधि-विधान के साथ नवदुर्गा माता की स्थापना की गई। माता की स्थापना के साथ ही क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बन गया है। नौ दिनों तक माता दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाएगी। इस दौरान प्रतिदिन सुबह और शाम आरती, पूजा-पाठ तथा धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। नवरात्र के दौरान श्रद्धालु माता के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति की कामना करेंगे। मंदिरों और पूजा स्थलों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। श्रद्धालुओं में पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। नौ दिनों तक चलने वाली पूजा-अर्चना के बाद विधि-विधान से माता की विदाई की जाएगी।



जय दुर्गा उत्सव समिति पुराना सरकंडा मातावौरा।



दुर्गा मंदिर में विराजी माता।



साइंस कालेज में विराजी मां।



श्री संकटमोचन दुर्गा उत्सव समिति।



महाकालेश्वर दुर्गा उत्सव समिति बंधवापारा।




नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति अशोकनगर।

नवरात्रि पर कुमकुमार्चन पूजा, कन्या भोज एवं गरबा का आयोजन



सर्व विप्र महिला समाज द्वारा नवरात्रि के पावन अवसर पर नवरात्रि के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की आराधना की गई।
नवरात्रि के पावन पर्व पर रविवार को बंसीवाला, रामा मैग्नेटो मॉल के सामने कुमकुमार्चन पूजा, कन्या भोज एवं गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके बाद कन्या भोज, डांडिया-गरबा तथा फलाहार एवं भोजन का आयोजन हुआ। पूरे कार्यक्रम में भक्तिमय एवं उत्साहपूर्ण माहौल रहा। समारोह में अध्यक्ष ऋचा पाठक सहित श्रुति पांडेय, गायत्री शुक्ला, वर्षा तिवारी,अंशुल पांडेय, श्वेता शुक्ला, गायत्री तिवारी, प्रेमलता तिवारी, सविता पांडेय, अल्का पांडेय, वर्षा दुबे एवं विजयलक्ष्मी शर्मा सहित समाज की अन्य महिलाओं की सहभागिता रही। शिखा दुबे, इंदु दीवान, पार्वती दुबे एवं पूजा मिश्रा ने कार्यक्रम में सहयोगी के रूप में कार्य किया। कार्यक्रम का उद्देश्य धार्मिक परंपराओं को संजोने के साथ महिलाओं में आपसी सौहार्द, एकजुटता एवं सामाजिक जुड़ाव को बढ़ावा देना रहा।

चंद्रघंटा की आराधना से मिलता है साहस, शांति और निर्भयता



सुभाष चौक सरकंडा स्थित श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर में शारदीय नवरात्र महोत्सव श्रद्धा एवं वैदिक परंपराओं के अनुरूप मनाया जा रहा है। महोत्सव का शुभारंभ रविवार को ध्वजारोहण, ज्वारारोपण एवं श्री मनोकामना अखंड घृत ज्योति कलश प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर मंदिर में 125 मनोकामना घृत ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए। नवरात्र के पावन पर्व पर दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी देवी के रूप में माँ बगलामुखी देवी का पूजन किया गया। प्रतिदिन शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक, महाकाली, महालक्ष्मी एवं महासरस्वती देवी का श्रीसूक्त एवं षोडश मंत्रों द्वारा दूधधारा सहित अभिषेक तथा भगवान श्रीरामचंद्र जी एवं श्री सिद्धिविनायक गणेश का पूजन-श्रृंगार किया जा रहा हैं। पीतांबरा पीठाधीश्वर आचार्य डॉ दिनेश महाराज ने बताया कि शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन माँ दुर्गा के नवरात्र के तीसरे दिन माँ दुर्गा के तृतीय स्वरूप माँ चंद्रघंटा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। मस्तक पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र धारण करने के कारण वे चंद्रघंटा कहलाती हैं। सिंह पर सवार माँ का दिव्य स्वरूप शक्ति, साहस, पराक्रम और धर्म की रक्षा का प्रतीक है। उनकी दस भुजाएँ विभिन्न शक्तियों और सामर्थ्य को दर्शाती हैं। माँ चंद्रघंटा की आराधना से भक्तों को भय और नकारात्मकता से मुक्ति, आत्मविश्वास, मानसिक शांति तथा संकटों का सामना करने की शक्ति प्राप्त होती है। भक्तजन परिवार की सुख-समृद्धि, कल्याण और मंगल की कामना से माँ की पूजा करते हैं।

बंगाली परंपरा, संगीत, नृत्य और कविता के सुंदर संगम से सजी आगमनी संध्या



बंगाली समाज के तत्वावधान में बंगाली समाज मंच पर एक भव्य एवं मनमोहक आगमनी सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। संगठन के सदस्यों और कलाकारों की उत्साहपूर्ण भागीदारी से यह कार्यक्रम संगीत, नृत्य, कविता और साहित्य का एक सुंदर संगम बन गया। अखिल रंजन घोष द्वारा स्थापित यह संगठन लंबे समय से बिलासपुर में बंगाली संस्कृति, परंपरा और सामाजिक सद्भाव के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आ रहा है। संगठन के अध्यक्ष देवाशीष नंदी, सचिव बिलास कुमार दास तथा कोषाध्यक्ष जीवन घोष के नेतृत्व में संगठन अपनी सांस्कृतिक गतिविधियों को निरंतर आगे बढ़ा रहा है। शुभारंभ रवींद्र संगीत 'आकाशभरा सूर्य-तारा' की प्रस्तुति से हुआ। सदस्यों ने सामूहिक स्वर में 'ओ मेनका, ओ मेनका' प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक संध्या में मौमिता चक्रवर्ती, प्रतिमा पाल, मौसुमी चक्रवर्ती, स्वागता चौधरी, शुभ्रांशु शेखर घोष, सौरभ चक्रवर्ती, मणिका घोष, गोपा दाशगुप्त, अपराजिता चौधरी, अपर्णा घोष, जयश्री भट्टाचार्य, रेखा दास श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

गुजराती भवन में गरबा में बच्चे विजयी



समाज अध्यक्ष केतन सुतरिया के नेतृत्व में गुजराती समाज टिकरापारा में आयोजित गरबा में प्रसिद्ध गुजराती गायक एवम आर्केस्ट्रा को आमंत्रित किया गया हैं। नवरात्रि के पहले दिन महिला मंडल द्वारा आयोजित किड्स कॉम्पिटिशन 7 से 14 वर्ष तक के बच्चो के लिए रखा गया है। जिसमे प्रोप छाता रखा गया था एवं पारंपरिक गुजराती वेश भूषा थीम में गरबा करना था। दोनों वर्ग में बच्चो ने खूबसूरत प्रस्तुति दी प्रोप छाता पारंपरिक वेश भूषा एवम अलग अलग गुजराती स्टेप्स कर के सबका मन मोह लिया ।महिला मंडल अध्यक्षा हीना पारेख ने रिजल्ट घोषणा करते हुए बताया कि झील तेजाणी,निष्का पटेल युविका शाह विजयी रहे। 11 से 14 वर्ग में खनक कोठारी,अनाया टांक,परम दोशी ने बाजी मारी।

धर्म जागरण मंच ने निकाली चुनरी यात्रा



शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर देवरीखुर्द में भक्ति और आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। धर्म जागरण मंच के तत्वावधान में इस वर्ष जिले की पहली और सबसे विशाल चुनरी यात्रा बड़े ही धूमधाम के साथ निकाली गई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री डॉ बांधी, शहर के महापौर पूजा विधानी, गायत्री साहू, महामंत्री जितेंद्र राय, कुसुमलता श्रीवास, मिथलेश सिंह, विक्की यादव, एसपी सिंह, मनोज सिंह,समेत कई स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिक मौजूद रहे। धर्म जागरण मंच के पूर्व जिला संयोजक बीपी सिंह ने बताया कि यात्रा गदा चौक से शुरू होकर संत रविदास चौक, खाल्हेपारा, सतबहिनिया मंदिर और देवरीखुर्द मेन रोड होते हुए अपने गंतव्य देवरीखूर्द गदा चौक तक पहुंची।

पण्डालों में किया जा रहा रामस्तुति महापाठ



शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर श्री हनुमान सेवा समिति एवं मित्रगण रामसेतु चौक सरकंडा द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी न्यायधानी के कई दुर्गा पंडालों एवं मंदिर प्रांगणों में सामूहिक श्री हनुमान चालीसा एवं श्री रामस्तुति महापाठ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें समिति के लगभग 50 से अधिक सदस्यों की सहभागिता रहती है। समिति के प्रणव मिश्रा ने बताया कि शारदीय नवरात्र में होने वाले सामूहिक महापाठ कार्यक्रम का यह तृतीय वर्ष है। बीते 2 वर्षों के शारदीय नवरात्र के अवसर पर समिति के सदस्यों ने कुल 67 स्थानों पर महापाठ किया था। सामूहिक महापाठ के प्रारंभ होने से पूर्व वहां उपस्थित श्रद्धालुओं को हनुमान चालीसा का निःशुल्क पुस्तिका प्रदान किया जाता है।

सोनल चौहान ने आयोजन की पहली शाम को बनाया यादगार, रवि किशन आज आएंगे

पंखीडा में परंपरा और ग्लैमर का दिखा अनोखा संगम





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डांडिया की खनकती ताल, पारंपरिक परिधानों की छटा और बॉलीवुड ग्लैमर के बीच सोमवार को पंखीड़ा 2026 की पहली शाम यादगार बन गई। महाराजा अग्रसेन भवन, फॉर्च्यून एलिमेंट्स, रायपुर रोड में आयोजित गरबा उत्सव में अभिनेत्री सोनल चौहान की मौजूदगी ने आकर्षण बढ़ाया। संगीत की लय पर पूरा माहौल उत्सवमय हो उठा। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, परिवारों ने एक साथ थिरककर परंपरा और मनोरंजन का खूबसूरत संगम रचा।


पंखीड़ा कार्यक्रम की तैयारियों में आकाश सिंह, रौशन सिंह, हरीश राव, मुरली नुक्का, विनय वैध, वेदांश शर्मा, राहुल चौधरी, सुमित गोयल, आदित्य सिंह, शक्ति सिंह, विनोद ठाकुर, योगेश तेजवानी, आयुष मेहता, अमर यादव, ऋषभ शर्मा, सिद्धार्थ शर्मा, रवि शर्मा और प्रतीक तिवारी की भूमिका रही। प्रजाराज्यम की ओर से आयोजित पंखीड़ा सीजन-4 के पहले दिन अनूठा संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम के पहले दिन अतिथि नगर विधायक अमर अग्रवाल, भोला राम मित्तल, राजू यादव, राजेंद्र शुक्ला थे। अभिनेत्री सोनल चौहान की मौजूदगी ने दर्शकों की उत्सुकता बढ़ाई। आयोजन में बॉलीवुड का रंग घुला और मंच आकर्षण का केंद्र बन गया। गरबा संगीत की धुनें गूंजते ही मैदान में मौजूद प्रतिभागियों ने डांडिया की ताल पर कदम मिलाए। पारंपरिक परिधानों में सजे महिला-पुरुष, युवा और बच्चे गोल घेरे में नृत्य करते नजर आए। आयोजन का पारिवारिक स्वरूप इसकी खास पहचान रहा। संगीत, रोशनी और रंगों के बीच देर तक गरबा का उत्साह बना रहा। रॉयल कोच रेस्टोरेंट, उसलापुर में हुए मेगा आर्टिस्ट रिवील कार्यक्रम में प्रजाराज्यम के संस्थापक आकाश सिंह ने कलाकारों की घोषणा की थी। इसी कड़ी में रवि किशन और सोनल चौहान के नाम सामने आए थे। आयोजन के दूसरे दिन मंगलवार, 13 अक्टूबर को अभिनेता रवि किशन के आगमन को लेकर गरबा प्रेमियों में उत्सुकता है।

फाउंडेशन एकेडमी खेल मैदान में रास डांडिया कल से

बिलासपुर। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में भाटिया फ्यूल्स के द्वारा आयोजित रास डांडिया का आयोजन कल 14 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। तीन दिनों के आयोजन में आयोजन में देश की मशहूर फिल्म अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर टीवी एक्ट्रेस, उतरन फेम, टीना दत्ता शहरवासियों के साथ फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में डांडिया खेलेंगी। 14 अक्टूबर को रास डांडिया के पहले दिन माता रानी की महा आरती के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ होगा। 16 अक्टूबर को डांडिया का समापन होगा।

आयोजन समिति ने बताया कि इस बार भी 3 दिन के आयोजन में जो इस कार्यक्रम का सबसे अच्छी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में अपलोड करेंगे,उन्हें सेलिब्रिटी से मुलाकात का मौका मिलेगा। इस बार भी 15-20 कैटेगरी में कार्यक्रम में शामिल युवाओं महिलाओं के लिए पुरस्कार की व्यवस्था की गई है। ग्रुप डांस , सोलो डांस,बेस्ट कपल, बेस्ट ड्रेस,अनुशासित टीम, एकल डांस बेस्ट कपल डांस, एवं अनेक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में आयोजन की पूरी तैयारी कर ली गई है।



■ फिल्म अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर टीवी एक्ट्रेस टीना दत्ता लोगों के साथ खेलेंगी डांडिया

बच्चों के मनोरंजन के लिए विशेष व्यवस्था

नवरात्रि पर्व पर आयोजित रास डांडिया कार्यक्रम स्थल में छोटे बच्चों के मनोरंजन के लिए आयोजन समिति के द्वारा विशेष व्यवस्था की गई है। आकर्षक झूले लगाए गए हैं। ताकि बच्चे यहां आनंद ले सके। परिवार के साथ जो कपल अपने बच्चों को लेकर पहुंचते हैं, आयोजन समिति के द्वारा उनके लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है, ताकि डांडिया के आयोजन का लुफ्त परिवार के लोग उठा सके।

खबर संक्षेप

लोखंडी हत्याकांड का फरार आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर। पुलिस लोखंडी हत्याकांड के फरार आरोपी को



गिरफ्तार कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, 7 सितंबर 2026 को लोखंडी में उसलापुर काटीखार निवासी शेख इसमाइल की मारपीट कर हत्या कर दी गई थी। उक्त मामले में फरार आरोपी लोखंडी निवासी रिखी निर्मलकर पिता चंद्रगोपाल निर्मलकर को गिरफ्तार कर लिया है। इसके पूर्व 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

हेरोइन बेचने वाली महिला गिरफ्तार

बिलासपुर। सिविल लाइन पुलिस ने नेहरू नगर सड़क पर घेराबंदी कर एक महिला को पकड़कर 5 ग्राम हेरोइन बरामद किया गया है। महिला शहर में घूमकर नशेड़ियों को बेचती थी। पुलिस महिला को हेरोइन सप्लाई करने वाले युवक के पतासाजी में लगी हुई है। सिविल लाइन पुलिस को सूचना मिली एक महिला शहर में घूम घूमकर नशेड़ी युवकों को पुड़िया में नशे का सामान बेच रही है। पुलिस टीम महिला के गतिविधियों पर नजर रखी हुई थी। 12 अक्टूबर को पुलिस ने अमेरी चौक से नेहरू नगर जाने वाले मार्ग में घेराबंदी कर महिला को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर हेरोइन मिला। पुलिस महिला को पकड़कर थाने ले गई। महिला अमेरी आवासपारा निवासी निवासी रीतू मरकाम पति अभिजीत 26 वर्ष है और उसके पास से 5 ग्राम हेरोइन मिला है। कड़ाई से पूछताछ करने पर महिला ने तिफरा बजरंग चौक निवासी पदुम मिश्रा से हेरोइन लाकर उसे बेचने के लिए देना बता रही है। पुलिस सप्लायर युवक के ठिकानों में दबिश देने लगी हुई है। सप्लायर के पकड़े जाने के बाद रैकेट के पर्दाफाश होने की संभावना जताई जा रही है।

मतदाता पंजीयन के लिए विशेष शिविर 21 तक

बिलासपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में नए एवं युवा मतदाताओं के पंजीयन के लिए 21 अक्टूबर तक स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में विशेष शिविर लगाए जाएंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं। विशेष अभियान के तहत मतदाता सूची में अब तक नाम दर्ज नहीं करा पाए पात्र नागरिकों तथा सूची से नाम हटाए गए व्यक्तियों के पंजीयन पर जोर दिया जाएगा। इसके लिए कक्षा 9वीं से 12वीं तक के स्कूलों और समस्त उच्च शैक्षणिक संस्थानों जैसे कॉलेज, यूनिवर्सिटी में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। बूथ लेवल अधिकारियों के सहयोग से इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के माध्यम से पात्र युवा मतदाताओं का पंजीयन कराया जाएगा।

कम्प्यूटर प्रोग्रामर संविदा भर्ती : आवेदन 23 तक

बिलासपुर। विकसित भारत-जी राम जी योजनांतर्गत जिला स्तर पर कम्प्यूटर प्रोग्रामर के एक रिक्त संविदा पद पर भर्ती के लिए 23 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित है। आवेदन निर्धारित प्रारूप में बंद लिफाफे में पंजीकृत डाक अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बिलासपुर, विकसित भारत-रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) के नाम से निर्धारित तिथि तक प्रेषित कर सकते हैं। आवेदन का प्रारूप एवं आवेदन से संबंधित अधिक जानकारी बसाईट पर उपलब्ध है।

अंबिकापुर और प्रयागराज होते जाना होगा दिल्ली | **कोलकाता के लिए फ्लाइट हफ्ते में दो दिन**

अलायंस एयर ने फ्लाइट का विंटर शेड्यूल जारी किया, हफ्ते में 4 दिन हवाई सेवा

बिलासपुर। अलायंस एयर ने बिलासपुर से उड़ान भरने वाले फ्लाइट के लिए शेड्यूल जारी कर दिया है। अब हफ्ते में 4 दिन ही फ्लाइट मिलेगी। खास बात यह है कि कोलकाता, प्रयागराज और दिल्ली की फ्लाइट चलेगी, जिसमें महज कोलकाता की फ्लाइट डायरेक्ट रखी गई है, जबकि दिल्ली की डायरेक्ट फ्लाइट महज रविवार को दी गई है, बाकी दिनों में अंबिकापुर और प्रयागराज होते उड़ान भरना होगा।

अलायंस एयर ने अपने विंटर शेड्यूल में सोमवार, बुधवार, शुक्रवार के साथ रविवार के लिए फ्लाइट की घोषणा की है। विंटर शेड्यूल 25 अक्टूबर से 27 मार्च तक का है। सोमवार को दिल्ली से बिलासपुर 10.55 मिनट में पहुंचा जा सकेगा, वहीं यह फ्लाइट अंबिकापुर 12.5 बजे पहुंचेगी। साथ ही अंबिकापुर से दिल्ली पहुंचने में करीब ढाई घंटे का समय लगेगा और दोपहर 3 बजे दिल्ली पहुंचा जा सकेगा। इसी प्रकार बुधवार को फ्लाइट दिल्ली-बिलासपुर-अंबिकापुर और दिल्ली के लिए चलेगी। जिसमें सोमवार के शेड्युल से 20 मिनट कम किया गया है। यह फ्लाइट दिल्ली से बिलासपुर 10.35 को लैंड होगी। शुक्रवार को दिल्ली की फ्लाइट 10.35 बजे बिलासपुर पहुंचेगी, इसके साथ ही बिलासपुर से प्रयागराज और प्रयागराज से दिल्ली के लिए उड़ान भरेगी। वहीं रविवार को यही फ्लाइट सुबह 9.50 मिनट पर दिल्ली से प्रयागराज पहुंचेगी और प्रयागराज से सुबह 11.35 बजे बिलासपुर पहुंचेगी। इस दिन बिलासपुर से दिल्ली के लिए हफ्ते में एक दिन सीधी उड़ान मिल सकेगी। शुक्रवार को कोलकाता से फ्लाइट दोपहर 1.30 बजे बिलासपुर पहुंचेगी और वहीं 1.55 बजे दोबारा बिलासपुर से उड़ान भर कर 4.10 को कोलकाता पहुंचेगी। यही फ्लाइट रविवार को 11.15 मिनट पर बिलासपुर पहुंगी और 1.30 बजे कोलकाता में लैंड करेंगी। अलायंस एयर ने बिलासपुर के लिए हफ्ते में 4 दिन ही फ्लाइट चलाने की घोषणा की है।



रायपुर को तीन, अंबिकापुर और जगदलपुर से हैदराबाद की उड़ान

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने अलायंस एयर द्वारा जारी किए गए शेड्यूल की खामियां गिनाई है। राज्य सरकार ने सर्वसुविधायुक्त रायपुर एयरपोर्ट को हैदराबाद और दिल्ली की 2 सब्सिडी वाली उड़ानें दी है। रायपुर से दिल्ली के लिए 6 उड़ान चल रही है और रायपुर से हैदराबाद के लिए 3 उड़ने है। रायपुर से रीवा होकर दिल्ली फ्लाइट सप्ताह में3 दिन और रायपुर से जगदलपुर होकर हैदराबाद 3 दिन फ्लाइट चलेगी। रायपुर को इंडिगो, एयर इंडिया, स्टार एयरवेज जैसी कंपनियों की सेवा मिल रही है जबकि बिलासपुर को सरकारी अलायंस एयर एयरलाइन्स कंपनी के भरोसे गुजारा करना पड़ रहा है। अलाइंस एयर के पास फ्लाइट की कमी है,इसके बाद भी रायपुर के लिए फ्लाइट दी गई है, जिससे बिलासपुर के हवाई सेवा में कमी आना तय है। समिति ने मांग की है कि अंबिकापुर- रायपुर- जगदलपुर- हैदराबाद उड़ान को अंबिकापुर- बिलासपुर- जगदलपुर होकर हैदराबाद चलाया जाए। वही बिलासपुर-रीवा-दिल्ली की फ्लाइट शुरू की जाए।

दुकान में घुसकर जबरिया सामान उठाने, धक्का- मुक्की, हाथापाई व गाली-गलौज करने के आरोप

अतिक्रमण कार्रवाई पर दिन भर हंगामा, विरोध में आज चक्काजाम, दुकानें बंद रखेंगे व्यापारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम के अतिकमण टीम की कार्रवाई को लेकर सोमवार को दिन भर हंगामा मचता रहा।

- शिकायत के बाद महापौर ने निगम को अमले को फटकारा, सभी को सस्पेंड तक करने की चेतावनी

जूना बिलासपुर में जहां कारोबारियो ने निगम के अतिक्रमण निवारण अमले के कर्मचारियों पर दुकान में घुसकर जबरिया सामान उठाकर काउकैचर में डालने, मना करने पर धक्का- मुक्की हाथापाई व गाली गलौच करने का आरोप लगाया। वहीं गांधी चौक में सड़क पर टेंट लगा रहे लोगों को रोकने पर विवाद की स्थिति बनी।

इसी तरह राजीव प्लाजा के सामने गार्डन की दीवार पर मूर्तियां रखकर दुकान लगाई गईं थी। निगम की टीम ने जब मूर्तियां जब्त करने की कार्रवाई शुरू की, तो विक्रेता विरोध करने लगे। इसी दौरान विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच धक्का-मुक्की होने लगी। बाद में विक्रेताओं ने अपनी मूर्तियां खुद हटा लीं, जिसके बाद मामला शांत हुआ। इधर जूना बिलासपुर के आक्रोशित व्यापारियों ने मंगलवार को जूना बिलासपुर मुख्यमार्ग पर दुकान बंद कर चक्काजाम की चेतावनी दी है। साथ ही इसकी लिखित शिकायत भी सिटी कोतवाली में की गई है। नगर निगम के अतिकमण टीम लगातार पिछले दिनों से सड़क पर ठेले, गुमटी के साथ ही मूर्तियां बेचने वालों पर कार्रवाई कर रही है।साथ ही सड़क पर दुकान और फुटपाथ पर कब्जे को लेकर भी सामान जब्ती हो रही है। सोमवार की दोपहर निगम की टीम जूना बिलासपुर पहुंची। यहां दुकान के बाहर रखे सामान को काउकैचर में डालकर जब्ती बनाई गई। इसे लेकर विवाद की स्थिति बनी। आक्रोशित व्यापारियों ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी वायरल कर बताया कि कैसे काऊकैचर में आया अतिक्रमण का स्टाफ दुकान के अंदर घुसकर सामान को उठाकर ले जा रहा है। घटना करीब 11.30 बजे जूना बिलासपुर बजरंगबली मिष्ठान के सामने और कन्हैया इलेक्ट्रीकल्स ऐंड साइकल की है।



कोतवाली थाने में शिकायत की गई

आरोप है कि निगम के अतिक्रमण निवारण अमले के स्टाफ ने पहले कन्हैया इलेक्ट्रिकल्स और साइकल्स व बगल के विशाल ट्वायज ऐंड गिफ्ट सेंटर के अंदर घुसकर छीना झपटी, धक्का-मुक्की की और मारपीट कर सामान उठाकर ले गए। निगम अमले पर महिलाओं से भी धक्का मुक्की छीना झपटी करने के आरोप लगे हैं। व्यापारियों ने पूरे घटनाक्रम की लिखित शिकायत सिटी कोतवाली में दर्ज करा निगम अमले पर गुंडागिरी कर जबरदस्ती दुकान में घुसकर छीना झपटी और महिलाओ से हाथापाई की शिकायत थाने में दर्ज कराई है।

अतिक्रमण विभाग के स्टाफ है कि गुंडे

व्यापारियों ने इसकी शिकायत महापौर श्रीमती पूजा विधानी से भी की। इससे भड़की महापौर ने निगम अमले में शामिल संतोष वर्मा और शिवबहादुर जायसवाल को पूरे स्टाफ के साथ तलब किया और जमकर फटकार लगाई की। महापौर ने कहा कि आपलोग निगम के अतिक्रमण विभाग के स्टाफ है कि गुंडे। आए दिन आप लोगो के खिलाफ गाली गलौच गुंडागर्दी, लूटपाट, अवैध वसूली और मनमाना रकम लेकर ठेला गुमटी छोड़ने की शिकायते आ रही हैं। महापौर ने यह भी कहा कि अब स्थिति हद से बाहर हो रही, यह अंतिम चेतावनी है। इसके बाद यदि अब ऐसे शिकायत आई तो सभी को सस्पेंड करा दूंगी।

बस स्टैंड मे भी व्यापारियों से भिड़ंत



इधर राजीव प्लाजा के सामने गार्डन की दीवार पर मूर्तियों की दुकान हटाने पहुंची नगर निगम की अतिक्रमण टीम और विक्रेताओं के बीच विवाद हो गया। निगम की टीम ने जैसे ही मूर्तियां जब्त करने की कार्रवाई शुरू की, विक्रेताओं ने विरोध करते हुए टीम को घेर लिया। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच धक्का-मुक्की और झूमाझटकी हुई। कुछ देर बाद मामला शांत हुआ और दुकानदारों ने खुद ही मूर्तियां वहां से हटा लीं। निगम की टीम ने दिन भर गोल बाजार, सदर बाजार, जूना बिलासपुर, गांधी चौक और शिव टॉकीज चौक में भी कार्रवाई की। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान नगर निगम की टीम ने सड़क पर दुकान लगाने, दुकानों के बाहर सामान फैलाने और लोगों की आवाजाही में बाधा डालने वाले दुकानदारों के खिलाफ भी कार्रवाई की। इस दौरान टीम ने करीब एक ट्रॉली सामान जब्त किया।

छात्रा को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ट्यूशन से स्कूटी में घर जा रही छात्रा को बेलगाम ट्रैक्टर चालक ने खतरनाक तरीके से चलाते हुए टक्कर मार दी। गंभीर अवस्था में छात्रा सड़क पर पड़ी रही और चालक यू टर्न लेकर टैक्कर लेकर भाग गया। घायल छात्रा को इलाज के लिए अपोलो हास्पिटल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



- रायपुर रोड पर हुआ हादसा

हाईकोर्ट गोल्डन पार्क निवासी चंद्रभूषण ने बताया उनकी बेटी जान्हवी सी भूषण 16 साल एलसीआईटी स्कूल में कक्षा 11 वीं की छात्रा थी। 10 अक्टूबर की शाम घर से स्कूटी में ट्यूशन क्लास में पढ़ाई करने जरहाभाठा मंदिर चौक आई थी। शाम 6.30 बजे ट्यूशन क्लास छूटने के बाद स्कूटी से घर जा रही थी। सीपीआई होटल के पास बोदरी मोड़ में सामने से आ रहे ट्रैक्टर के चालक ने खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाते हुए स्कूटी को जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसे में छात्रा गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर पड़ी रही। इधर चालक तेज रफ्तार में यू टर्न लेकर ट्रैक्टर लेकर भाग गया। हादसे के बाद लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और गंभीर अवस्था में छात्रा को इलाज के लिए अपोलो हास्पिटल में भर्ती कराया गया। 11 अक्टूबर की शाम 4.30 बजे इलाज के दौरान छात्रा की मौत हो गई।

सूचना पर 12 अक्टूबर को चकरभाठा पुलिस के द्वारा सिम्स में पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। पिता ने पुलिस प्रशासन से मामले की जांच कर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

उपार्जन केंद्रों में बारदाना की खरीदी हुई सेंट्रलाइज

समितियों ने किया जमकर विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी के पहले उपार्जन केंद्रों में लगने वाली आवश्यक वस्तुओं की खरीदी सेंट्रलाईज की जा रही है। अपैक्स बैंक द्वारा इस संबंध में आमंत्रित किए गए टेंडर पर तत्काल रोक लगाने के लिए समितियों द्वारा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित के सीईओ एवं चेयरमैन से मांग की की गई है।

- जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सीईओ व चेयरमैन से रोक लगाने की मांग

सहकारी समितियों में बारिश से धान को बचाने के उद्देश्य से खरीदा जाने वाला बारदाना अब संबंधित समिति के द्वारा नहीं नहीं खरीदा जाएगा, बल्कि इसकी व्यवस्था अपेक्स बैंक द्वारा अधिकृत किए गए व्यक्ति या संस्था के द्वारा की जाएगी। ज्ञात हो कि धान खरीदी प्रारंभ होने के पहले समितियों को कई मूलभूत सामग्रियों की जरूरत होती है। इसके अंतर्गत सुतली, बारदाना, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन एवं आवश्यकतानुसार सीसीटीवी कैमरे की स्थापना भी की जाती है। यह सारी सामग्री समिति स्तर पर ही खरीदी की जाती है। आमतौर पर समिति स्तर पर होने वाली खरीदी उनके हाथ में होती है, जिससे वे सामग्रियों को आसपास के बाजार से लाकर अपनी जरूरतों के समय उपयोग में ला सकते हैं।

इसके विपरीत खरीदी सेंट्रलाइज होने पर समितियों को तब तक इंतजार करना पड़ता है जब तक अधिकृत की गई एजेंसी उक्त सामग्री की सप्लाई न कर दे। इस बीच अगर बारिश हुई तो भी समिति के पास सुरक्षा का कोई विकल्प नहीं होता। अपैक्स बैंक द्वारा की जा रही केंद्रीय खरीदी प्रणाली पर संभागीय सहकारी समिति कर्मचारी संघ द्वारा बड़ी आपत्ति की गई है। इस संबंध में तत्काल रोक लगाने के लिए संघ ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं चेयरमेन को पत्र भी लिखा है।

अव्यवहारिक है प्रणाली

केंद्रीय खरीदी प्रणाली पूरी तरह से अव्यवहारिक है। सामग्रियों की खरीदी पुरानी परंपरानुसार समिति स्तर पर ही की जानी चाहिए। इस पर रोक लगाने के संबंध में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के चेयरमैन व सीईओ को पत्र लिखा गया है।

-रूद्र दत्त तिवारी, अध्यक्ष
सहकारी समिति कर्मचारी संघ बिलासपुर संभाग

24 घण्टे के भीतर डीपूपारा में दो लोगों पर चाकू से हमला

बिलासपुर। 24 घण्टे के भीतर डीपूपारा में दो लोगों पर चाकू से हमला कर दिया गया है। सिलसिलेवार चाकूबाजी होने से क्षेत्र में दहशत का महौल हो गया है।

तारबाहर पुलिस के अनुसार, डीपूपारा निवासी मोहन उर्फ राहुल साहू पिता द्वारिका साहू 11 अक्टूबर की रात 11 बजे राजू किराना दुकान में सामान खरीदने गया था।



घायल।

उसी दौरान भूपेश लोनिया उर्फ राजा आया और शराब पीने के लिए उससे पैसा मांगने लगा। मना करने पर गाली गलौज करने लगा। गाली देने से मना करने पर भूपेश लोनिया मोहन उर्फ राहुल साहू के साथ मारपीट करने लगा और चाकू निकालकर हमला कर दिया। चाकूबाजी की वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचकर घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मोहन उर्फ राहुल साहू की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 115, 2, 119, 1, 296, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर आरोपी भूपेश लोनिय उर्फ राजा को गिरफ्तार कर चाकू जब्त किया गया है। ज्ञात हो कि एक दिन पहले 10 अक्टूबर की रात 11.30 बजे डीपूपारा गगन अपार्टमेंट निवासी सैंकी राम खाना खाने के बाद टहलने के लिए निकले थे।



आरोपी।

दुर्गा मंदिर के पास मोहल्ले का इमरान खान मिला और शराब पीने के लिए 200 रुपए मांगा। मना करने पर इमरान खान जेब से चाकू निकालकर उनके कमर के पास हमला कर भाग गया था। पुलिस हमलावर को दूसरे दिन भी नहीं पकड़ पाई है।

जेवर चोरी करने वाली महिला गिरफ्तार

बिलासपुर। सूने मकान से जेवर चोरी करने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेवर जब्त कर लिया है। सकरी टीआई संजय सिंदे ने बताया, 6 अक्टूबर को अटल आवास निवासी रजनी बंजारे घर के दरवाजे में ताला लगाकर बच्चे को लेने चली गई। इसी दौरान अज्ञात चोर ताला तोड़कर आलमारी से सोने चांदी के जेवर चोरी कर दूसरा ताला लगाकर भाग गया था। महिला बच्चे को लेकर घर आई और ताला खोलने चाबी लगाई तो ताला नहीं खुला। इस पर वह ताला तोड़कर अंदर गई तो आलमारी से जेवर चोरी हो गई थी। महिला ने चोरी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। श्री सिंदे स्टाफ के साथ घर का मुआयना कर पतासाजी कर अटल आवास निवासी गौरी पाटले पति संतोष पाटले को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर उसने चोरी करना स्वीकार कर लिया है। उसके निशानदेही पर चोरी गए सभी जेवर बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

चाकू की नोंक पर यात्री से 5 हजार लूटने वाले 4 बदमाश गिरफ्तार

बिलासपुर। रेलवे स्टेशन में चाकू की नोंक पर यात्री से पर्स सहित 5 हजार रुपए लूटने वाले 4 बदमाशों को जीआरपी ने गिरफ्तार कर लिया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

जीआरपी से मिली जानकारी के अनुसार, मरवाही निवासी रोहित रैदास पिता पुष्कर 20 साल 11 अक्टूबर को बिलासपुर आकर अहिल्या नगर महाराष्ट्र जाने ट्रेन का इंतजार रहे थे। प्लेटफार्म नम्बर 6 के किनारे रायपुर छोर पर वे टायलेट करने गए तो 4 बदमाशों ने चाकू दिखाकर उनका पर्स सहित 5 हजार रुपए लूट लिया और भाग गए। श्री रैदास ने जीआरपी थाने में रिपोर्ट लिखाई। 12 अक्टूबर को जीआरपी ने पतासाजी कर गजरा चौक जाने फूट ओवरब्रिज के पास रितेश सोनकर उर्फ नाटे 19 साल मुर्राभाठा तोरवा, राज कोसले उर्फ डैनी पिता रमेश कोसले 20 साल गजरा चौक, राजा कोसले पिता स्व. रमेश कोसले 24 साल नयापारा सिरगिट्टी, मछली देवांगन पिता परमेश्वर देवांगन 30 साल बुधवारी बाजार निवासी को पकड़ लिया। पहचान करने पर पीड़ित ने चारों बदमाशों को पहचान लिया है। आरोपियों से लूट की रकम व चाकू जब्त किया गया है। जीआरपी ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



पुरानी रंजिश में मां बच्चों के साथ लोहे के पाइप से मारपीट, 4 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुरानी रंजिश में मां व बच्चों के साथ लोहे के पाइप से जमकर मारपीट की गई है। गंभीर रूप से 4 घायलों का इलाज चल रहा है। 12 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस हमलावरों पर कार्रवाई नहीं कर रही है। पीड़ित पक्ष ने एसएसपी से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

हिर्री थाना क्षेत्र के ग्राम बुलमुंडी निवासी हेमलता शास्त्री पति स्व. गंगाराम शास्त्री 45 साल ने एसएसपी से शिकायत कर बताया, 1 अक्टूबर की रात 9.30 बजे उनका









बेटा आजूराम अपनी बाइक घर के अंदर करने के लिए बाहर निकला। उसी दौरान उनके देवर गोपाल शास्त्री, उसकी पत्नी जगवती, उसका बेटा आकाश, बेटी आंचल आजराम के साथ लोहे के पाइप से मारपीट करने लगे। आवाज सुनकर हेमलता, उनकी बेटी, आकांक्षा, प्रियंका, गायत्री, ज्योति ने बाहर निकलकर बीच बचाव किया तो उनके साथ भी लोहे के पाइप से मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया गया है। वर्तमान में 4 बच्चों को इलाज चल रहा है। उन्होंने हिर्री पुलिस पर आरोप लगाया है कि गंभीर चोट आने के बाद साधारण मामला दर्ज किया है और 12 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रही है। उन्होंने आरोपियों पर सख्ती से कार्रवाई करने की मांग की है।



खबर संक्षेप

अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने लिंक कोर्ट सकरी बंद करने सौंपा ज्ञापन



तखतपुर। अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी द्वारा नव पदस्थ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नारायण गबेल से सौजन्य मुलाकात कर लिंक कोर्ट सकरी बंद कर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व में पूर्व की भांति यथावत रखे जाने हेतु ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर अध्यक्ष सत्येंद्र जायसवाल, पारथ ठाकुर, अजय सोनकर, आवेश जान, चंद्रहास पाण्डेय, रिषी बंजारे, संजू मिश्रा, सतीश कश्यप, आयुष ठाकुर, विक्की यादव, सौरभ जायसवाल, अन्नू जायसवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

स्ट्रीट लिफ्टिंग एवं एंड्योरेंस प्रतियोगिता में मलय ने प्राप्त किया दूसरा स्थान




तखतपुर। प्रतिभा, परिश्रम और दृढ़ संकल्प के दम पर सफलता की नई इबारत लिखते हुए जूनियर डॉक्टर मलय उपाध्याय ने मध्यप्रदेश के कटनी में आयोजित स्ट्रीटलिफ्टिंग एवं एंड्योरेंस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने दोनों ही स्पर्धाओं में द्वितीय स्थान हासिल कर न केवल अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया, बल्कि अपने परिवार और नगर का मान भी बढ़ाया। उनकी इस उपलब्धि पर आयोजकों द्वारा मेडल, ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। दोनों स्पर्धाओं में दूसरा स्थान प्राप्त करना मलय की बहुमुखी प्रतिभा और खेल के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। चिकित्सा क्षेत्र के साथ खेल के मैदान में भी बढ़ाया मान जूनियर डॉक्टर के रूप में चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े मलय उपाध्याय ने खेल के क्षेत्र में भी अपनी विशिष्ट पहचान बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। मलय उपाध्याय, अशोक उपाध्याय एवं शशि उपाध्याय के सुपुत्र हैं।

मेंहदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाया अपना हुनर



सेतगंगा-मुंगेली। सेतगंगा शारदीय नवरात्री के पावन अवसर पर मां नवदुर्गा के स्वागत में संस्कार विद्यापीठ विद्यालय सिपाही में मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया। जिसमें 25 स्कूली बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में अंग्रेजी माध्यम से प्रथम टिकेश्वरी साहू कक्षा 5वीं, द्वितीय दिव्या साहू कक्षा 5वीं, तृतीय स्वाती साहू कक्षा 7वीं एवं हिंदी माध्यम से प्रथम नेहा साहू कक्षा 11वीं, द्वितीय प्रतिज्ञा कक्षा 11वीं एवं तृतीय स्थान पूजा साहू कक्षा 7वीं रही। इस दौरान संस्था के संचालक कलेश्वर साहू ने प्रतिभागी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि, रोजगार के अन्य स्त्रेत की भांति मेंहदी से भी अपनी कैरियर बना सकते हैं। कार्यक्रम में प्राचार्य रज्जू लाल साहू, दुर्गेश साहू, संजय साहू, संजय ध्रुव, समीर जांगडे, मुस्कान बाटवे, ज्योति बंजारे, अरूण कुमार बघेल, राजकुमार निर्मलकर, फलेश्वर श्रीवास, धनेश्वरी साहू, भारती साहू, कुसुम साहू, प्रमोद कुमार, कौशल गेंदलें, सावित्री देवांगन आदि उपस्थित रहे।

विश्व दृष्टि दिवस पर निःशुल्क नेत्र परीक्षण व चश्मा वितरण



मुंगेली। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एसके गुप्ता, सिविल सर्जन डॉ राकेश कुमार प्रेमी, जिला प्रबंधक गिरीश कुर्रे, राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्पदृष्टि नियंत्रण नोडल अधिकारी डॉ देवेश खांडे के निर्देशन में राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्पदृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व दृष्टि दिवस कलेक्ट्रेट परिसर में मनाया गया। इस अवसर पर निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया गया। नेत्र सर्जन डॉ देवेश खांडे ने नेत्र संबंधित बीमारियों के बारे में जानकारी दिए एवं चश्मा वितरण विधायक पुन्नूलाल मोहले ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, जनपद अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार, उमाशंकर साहू, रामशरण यादव, डॉ कमलेश खैरवार, डॉ सुदेश रात्रे, डॉ जीएस दाऊ, डॉ आरएस आयाम, डॉ मनीष कुमार बंजारा, सहायक नोडल भक्तसनेही पटेल, अमित खांडे उपस्थित थे।

श्रमिकों की सुविधा के लिए ग्राम पंचायतों में ई-केवाईसी शिविर

मुंगेली। पंजीकृत निर्माण एवं असंगठित श्रमिकों की सुविधा के लिए जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में ई–केवाईसी शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से श्रमिकों के पंजीयन रिकॉर्ड का आधार कार्ड में दर्ज जानकारी से मिलान कर आवश्यक संशोधन किया जाएगा, ताकि श्रम विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने में उन्हें परेशानी न हो। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि ई–केवाईसी की प्रक्रिया शुरू करने से पहले श्रमिकों के पंजीयन विवरण का आधार कार्ड में दर्ज जानकारी के अनुसार सत्यापन किया जाएगा।

जले मनोकामना ज्योत, उमड़ रहे दर्शनार्थी

देवी मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी



शारदीय नवरात्रि पर श्रद्धालुओं ने क्षेत्र के विभिन्न देवी मंदिरों में श्रद्धा पूर्वक मनोकामना ज्योति प्रज्वलित कराया है। इस दौरान देवी मंदिरों में सुबह से लेकर देर रात तक माता का भजन कीर्तन के साथ लोगों ने आस्था की भीड़ उमड़ पड़ी है, देवी मंदिरों में इस समय दर्शनार्थियों का रेला लगा हुआ है। ग्राम डोंगरीगढ़ के ऊंचे पहाड़ियों में हो या फिर दुर्गम रास्ते होकर पहाड़ पर विराजित खुड़ियारानी मंदिर में दर्शन करने लोग पहुँच रहे है। बाबा डोंगरी के पहाड़ पर स्थित कल्याणी देवी मन्दिर दर्शन करने श्रद्धालु पहुँच रहे है।

नगर से सटे हुये बीहड़ जंगलों में स्थापित देवी त्रिशूलहा मंदिर में दर्शन करने लोग पहुँच रहे है। क्षेत्र के इन प्रसिद्ध मंदिरों में श्रद्धालुओ ने बड़ी संख्या में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कराए है, जानकारी के अनुसार लोरमी नगर के अधिष्ठात्री महामाया मंदिर में तेल ज्योति 610, घृत ज्योति 51, जवारा भर्ती 55 कुल 716 एवं वार्ड चार कंकालिन मंदिर में 51 तेल ज्योति, 17 घृत ज्योति एवं जवारा भर्ती 50 कुल 117, ग्राम डोंगरिगढ माँ भुवनेश्वरी देवी मंदिर में 761 तेल ज्योति, घृत 163 कुल लगभग 950 शामिल है।

ग्राम खुड़िया के ऊंचे पहाड़ पर स्थित खुड़ियारानी मंदिर में 91 तेल ज्योति, 13 घृत ज्योति, एवं बाबाडोंगरी (कारिडोंगरी)पहाड़ पर स्थित माँ कल्याणी देवी मंदिर में 273 तेल ज्योति एवँ 21 घृत ज्योत भक्तों ने जलवाए है। इसी तरह जंगलों के बीहड़ पर स्थित त्रिशूलहा देवी मंदिर एवं ग्राम सहसपुर में 70 ज्योति खपरीकला 96, लगरा 93, कोसमतरा 40 ज्योति श्राद्धालुओ ने मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वल्लित कराए है।

आज से शुरू होगा रोट्रेक्ट क्लब का गरबा महोत्सव



मुंगेली। विगत 24 वर्षों की गरिमामयी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए रोट्रेक्ट क्लब ऑफ मुंगेली की ओर से इस वर्ष भी शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर भव्य रोट्रेक्ट गरबा महोत्सव 2026 का आयोजन किया जा रहा है। स्व. रोटेरियन मनीष सोनी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए आयोजित यह चार दिवसीय रंगारंग महोत्सव 13 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक नगर पालिका स्कूल प्रांगण मुंगेली में आयोजित होगा। आयोजन समिति के अनुसार गरबा उत्सव प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक चलेगा। महोत्सव के दौरान प्रतिभागियों के लिए विशेष ड्रेस कोड भी निर्धारित किया गया है, जिसके तहत 13 अक्टूबर को लाल-काला, 14 अक्टूबर को नीला, 15 अक्टूबर को पीला-केसरिया, 16 अक्टूबर को हरा तथा अंतिम दिन 17 अक्टूबर को गुलाबी रंग का परिधान तय किया गया है। कार्यक्रम में मिस दामिनी देवांगन मिस इंडिया यूनिवर्स 2025 विशेष मेहमान के रूप में शिरकत करेंगी। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु रोट्रेक्ट अध्यक्ष धीरज जैन, कार्यक्रम प्रभारी रविन्दर सिंह छाबड़ा व दिनेश गोयल तथा सचिव अनीश सोनी के नेतृत्व में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। आयोजकों ने बताया कि प्रवेश पास एवं मातृशक्ति के साथ ही मिलेगा तथा प्रवेश संबंधी सभी अधिकार रोट्रेक्ट क्लब ऑफ मुंगेली के पास सुरक्षित रहेंगे।

नवरात्रि पर शहर में धार्मिक और सांस्कृतिक उत्साह का माहौल

मुंगेली। नवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में शहर में धार्मिक और सांस्कृतिक उत्साह का माहौल बना हुआ है। इसी कड़ी में मां भारती सेवा समिति की ओर से नगरवासियों के लिए माता जगराते का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक अनुष्ठान आज 13 अक्टूबर मंगलवार को ढाऊपारा स्थित रेस्ट हाउस मैदान में आयोजित होगा। कार्यक्रम की शुरुआत रात्रि 8 बजे से होगी, जहां श्रद्धालु मां भगवती की आराधना में लीन होकर भक्ति रस का आनंद उठा सकेंगे। इस भव्य जगराते में भक्ति संगीत प्रस्तुत करने के लिए सुप्रसिद्ध गायक अनुराग शर्मा विशेष रूप से आमंत्रित किए गए हैं। अपनी मधुर आवाज और प्रसिद्ध भजनों के माध्यम से वे पूरी रात माता रानी के चरणों में स्वर-पुष्प अर्पित करेंगे। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम की सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मां भारती सेवा समिति ने नगर एवं आसपास के समस्त श्रद्धालुओं से सहपरिवार इस पावन अवसर पर उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने और माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त करने की विनम्र अपील की है।

मावली माता मंदिर में प्रज्वलित हुए 2 सौ ज्योति कलश



दगोरी। शिवनाथ नदी के पावन तट पर विराजमान मां मावली माता मंदिर में क्वांर नवरात्रि पर लगभग 200 तेल, घृत ज्योति कलश तथा मंगल जेवारा बोया गया है। यहां सैकड़ों की संख्या में भक्तजन सुबह शाम माता रानी से अपनी मनोकामना पूरा करने आरती पूजन में शामिल होने आ रहे हैं। यहां किदवंती है कि बड़ी बहन माताराणी सिंगारपुर में तथा छोटी बहन मावली माता मंदिर में विराजमान है। भक्तजन बड़े ही आस्था श्रद्धाभक्ति भाव से माताराणी से आशीर्वाद लेने पहुंच रहे हैं।

लीदरी में शारदीय नवरात्रि पर अखंड ज्योति की स्थापना



तखतपुर। ग्राम लीदरी स्थित भक्ति कुंज में अखंड ज्योति स्थापना के साथ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं भगवती देवी के आशीर्वाद संरक्षण में शारदीय नवरात्रि साधना का शुभारंभ दिनांक 11 अक्टूबर को धूमधाम से किया गया है।नारायण प्रसाद पाली(साहित्यकार) स्वयंसेवक गायत्री परिवार ने बताया कि प्रतिदिन गायत्री महामंत्र की साधना एवं संध्या भजन कीर्तन का कार्यक्रम किया जा रहा है। अखंड ज्योति प्रचलन में तारा मेवालाल, लक्ष्मी, संजय महादेव, किरण संतोष, प्रेमलता सनत महादेवा, सत्यवती सत्येंद्र, राजेंद्र महादेवा, रामकुमार सप्रे, महेश रजक, नारायण प्रसाद पाली, मूलचंद कौशिक, सुनील श्रीवास सहित अन्य उपस्थित रहे।

आरक्षित वन क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन करते ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, चालक पर जुर्म



लोरमी। वन परिक्षेत्र के भरतपुर परिसर में कन्हैया नाला बांध के पास अवैध रूप से उत्खनन कर रहे ट्रैक्टर- ट्रॉली को वन विभाग की टीम ने जब्त किया है। आरोपी चालक के खिलाफ वन अपराध दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

वनमंडलाधिकारी तन्मय कौशिक के निर्देशन एवं उपवनमंडलाधिकारी दशहंस प्रकाश सूर्यवंशी एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी जूही वर्मा के नेतृत्व में वन विभाग की टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी। टीम ने मौके पर दबिश देकर चेचानडीह निवासी आरोपी चालक रमेश यादव पिता जन्नू यादव को कन्हैया नाले के पास रेत का उत्खनन कर परिवहन करते पकड़ा। पूछताछ के दौरान चालक ने कोई वैध दस्तावेज नही पेश किया एवं महिला वनकर्मी से अभद्रता कर शासकीय कार्य में बाधा डालने का प्रयास किया। वन अमले ने मौके से सोनालिका ट्रैक्टर नीला रंग, ट्राली, 3 नग तसला, 2 नग फावड़ा जब्ती कर आरोपी के खिलाफ वन अपराध दर्ज किया। जब्त सामग्री को उच्च तकनीकी केंन्द्रीय रोपणी तुलसाघाट में रखा गया।इस कार्रवाई में वनपाल मनोहर लाल यादव, राजेश पाटले, वनरक्षक आशा यादव, शंकर जोशी, ललित कुमार बंजारे, प्रदीप ढीमर, सुरेश यादव, टुकेश्वर राठौर, कमल मरावी सहित पुलिस अमले का सहयोग रहा।

अवैध ओपन फेरी एवं अतिक्रमण पर रोक की मांग



लोरमी। साइकिल व्यापारी संघ लोरमी के व्यापारियों ने सोमवार को नगर पालिका परिषद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी चंदन शर्मा को एक लिखित आवेदन सौंपकर बाजार में बढ़ रहे अवैध ओपन फेरी और अतिक्रमण को हटाने की मांग की है। ज्ञापन के माध्यम से संघ ने बताया कि लोरमी बाजार में सभी स्थानीय साइकिल व्यापारी नियमानुसार गुमास्ता लाइसेंस, नगर पालिका टैक्स और जीएसटी का भुगतान कर व्यापार कर रहे हैं, लेकिन पिछले कुछ दिनों से कुछ बाहरी फेरी वाले बिना किसी वैध लाइसेंस के मुख्य सड़क एवं फुटपाथ पर कब्जा कर साइकिलों की अवैध बिक्री कर रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि इन अवैध फेरी वालों के कारण शासन को राजस्व की हानि हो रही है। सड़क पर यातायात बाधित हो रहा है। स्थानीय टैक्स-पेड व्यापारियों के व्यवसाय को भारी क्षति पहुँच रही है। बिना बिल-वारंटी का घटिया सामान बेचकर उपभोक्ताओं के साथ ठगी की जा रही है। साइकिल व्यापारी संघ ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी से मांग की है कि छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम के तहत उक्त अवैध फेरी वालों पर अतिक्रमण हटाने एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाए। ज्ञापन सौपने वालों में। दुर्गेश सायकल, महेश सायकल, सुरेश सायकल, ओंकार सायकल, दिनेश सायकल आदि सायकल व्यापारी संघ के लोग उपस्थित थे।

बजरंगदल की नवीन टोली घोषित युवाओं को संगठन से जोड़ने पर जोर



पेंड्रा। विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल गौरेला नगर की नवीन टोली की घोषणा राधा-कृष्ण मंदिर में आयोजित बैठक में की गई। गौरेला नगर संयोजक अभिषेक जायसवाल के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में संगठन के कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने, युवाओं को संगठन से जोड़ने तथा धर्म, समाज और राष्ट्रहित से जुड़े कार्यों को गति देने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारियां सौंपी गईं। विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री निखिल परिहार ने सर्वसम्मति से नवीन टोली की घोषणा की और सभी कार्यकर्ताओं को संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। वहीं बजरंगदल बिलासपुर विभाग संयोजक सागर पटेल ने कार्यकर्ताओं को उनके दायित्वों का बोध कराते हुए शुभकामनाएं दीं। घोषित नवीन टोली में ऋषभ गुप्ता को नगर सह संयोजक, अंचल यादव को नगर सुरक्षा प्रमुख, साजन यादव को नगर गौरक्षा प्रमुख, सचिन विश्वकर्मा को नगर अखाड़ा प्रमुख, देवेश अग्रवाल को नगर साप्ताहिक मिलन प्रमुख तथा अभय ताम्रकार को नगर विद्यार्थी प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवीन टोली की घोषणा के बाद सभी दायित्ववान कार्यकर्ताओं से संगठन के सिद्धांतों के अनुरूप निष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की गई। साथ ही गौसेवा, धर्मरक्षा, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्रसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने और युवाओं को सकारात्मक दिशा देने पर जोर दिया गया। बैठक में बजरंगदल बिलासपुर विभाग संयोजक सागर पटेल, विश्व हिंदू परिषद जिला सह मंत्री निखिल परिहार, जिला संयोजक बजरंगदल रविंद्र कैवर्त, पूर्व जिला संयोजक बजरंगदल सन्नी अगवानी, प्रखंड अध्यक्ष मौसम ताम्रकार, गौरेला नगर संयोजक अभिषेक जायसवाल सहित ऋषभ गुप्ता, अंचल यादव, साजन यादव, सचिन विश्वकर्मा, देवेश अग्रवाल, अभय ताम्रकार, मयंक राजपूत, नमन जायसवाल, अमन दुबे, आशीष दुबे एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सांसद ज्योत्सना की मांग पर हाई स्कूल असेंबली हॉल के लिए 20 लाख स्वीकृत



पेंड्रा। कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत की मांग पर उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने पेंड्रा स्थित हाई स्कूल के असेंबली हॉल के निर्माण/विकास कार्य के लिए 20 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। इस स्वीकृति पर सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि कोरबा लोकसभा सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत के पेंड्रा आगमन के दौरान नगर पालिका परिषद पेंड्रा के अध्यक्ष राकेश जालान ने हाई स्कूल में असेंबली हॉल की आवश्यकता को लेकर उनके समक्ष मांग रखी थी। सांसद महोदया ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए संबंधित स्तर पर पहल करने का आश्वासन दिया था। इसी पहल के परिणामस्वरूप अब असेंबली हॉल के लिए 20 लाख रुपये की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस स्वीकृति से असेंबली हॉल में विद्यार्थियों के कार्यक्रमों, सामूहिक आयोजनों तथा अन्य विद्यालयीन गतिविधियों के लिए उपयोगी साबित होगा।

अस्थायी कम्प्यूटर ऑपरेटर को बना दिया प्रबन्धक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

जुनवानी सहकारी समिति में अस्थायी कम्प्यूटर आपरेटर संत राम बर्मा को प्रबन्धक बनाने की शिकायत पर संयुक्त आयुक्त सहकारिता एवं सयुक्त पंजीयक सहकारी संस्था बिलासपुर द्वारा जांच का आदेश जारी किया गया। जिसमें सहायक आयुक्त आयुषी असोधिया को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ 20 दिन के भीतर जांच पूर्ण करने आदेशित किया गया है। आदेश के परिपालन में जांच अधिकारी ने सीईओ मिथलेश साहू को नोटिस जारी का जवाब तलब किया है। बता दे कि हरिभूमि ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसमे प्राधिकृत अधिकारी मिथलेश साहू ने कहा था कि कोई कर्मचारी स्नातक नही था इसलिए कम्प्यूटर आपरेटर को प्रभारी प्रबन्धक बनाया गया है।

मामला -नवस्थापित प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मार्या जुनवानी में समिति प्रबन्धक के पद पर नियुक्ति हुई थी जिसकी शिकायत समिति के उपेक्षित कर्मचारियों द्वारा किया गया था। शिकायत में बताया गया है कि नवस्थापित जुनवानी सहकारी समिति में प्रबन्धक के रूप में अस्थायी कम्प्यूटर आपरेटर जोकि मार्कफेड का कर्मचारी होता है, समिति का नही उसकी नियुक्ति कर दी गई है। जुनवानी नवीन समिति होने के कारण अध्यक्ष नही है उनके स्थान पर प्राधिकृत अधिकारी के रूप में सीईओ मिथलेश साहू को प्रबन्ध नियुक्ति का कार्य सौंपा गया। जिन पर 25 वर्षो से समिति में कार्यरत कर्मचारियों के वरिष्ठता को दरकिनार कर नियमों की अनदेखी कर अपात्र की नियुक्ति का आरोप कर्मचारियों ने लगाया है और जेआर को लिखित शिकायत कर नियुक्ति रद करने और वरिष्ट कर्मचारियों की नियुक्ति की मांग की गई हैं।

समिति का कर्मचारी ही बन सकता है प्रबन्धक - सोनी

प्रांतीय संगठन के पदाधिकारी महेश सोनी ने बताया की समिति का कर्मचारी ही प्रबन्धक बन सकता है। आपरेटर मार्कफेड द्वारा नियुक्त कर्मचारी है जो धान खरीदी के लिए ही छह माह के लिए रखा जाता है। वही शैक्षिक योग्यता को शिथिल कर इससे पहले भी कई समितियों में प्रबन्धक बनाया गया है जो अभी कार्यरत है ।

नियमों के विपरीत

जुनवानी में प्रबन्धक नियुक्ति सहकारिता नियमों के विपरीत हुई है। सयुक्त आयुक्त द्वारा जांच की घोषणा का स्वागत करते है ।

भीखम वर्मा, ब्लाक अध्यक्ष सहकारी समिति संघ

जांच के बाद कार्रवाई

सहकारिता एवं सयुक्त पंजीयक सहकारी संस्था बिलासपुर ने जांच का आदेश दिया है, उसके उपरांत कार्रवाई की जाएगी।

बसंत कुमार, संयुक्त आयुक्त

प्रथम मूल्यांकन सूची के संबंध में 21 तक ऑनलाइन दावा–आपत्ति आमंत्रित

मुंगेली। एकीकृत बाल विकास परियोजना मुंगेली–01 अंतर्गत ग्राम पंचायत कुरानकापा के आंगनबाड़ी केंद्र तराई गांव में रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद की पूर्ति के लिए जारी भर्ती प्रक्रिया के तहत प्रथम मूल्यांकन सूची जारी की गई है। सूची का अवलोकन पोर्टल पर किया जा सकता हैं। परियोजना अधिकारी ने बताया कि प्रथम मूल्यांकन सूची के संबंध में 21 अक्टूबर 2026 तक ऑनलाइन दावा–आपत्ति आमंत्रित किया सकता है।

राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



बेटियों के संरक्षण, सम्मान और समान अधिकारों के प्रति सामाजिक जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशानुसार पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय, दाबो में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर पी.सी.पी.एन.डी.टी. एक्ट के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस.के. गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर बेटियों के अधिकारों, लैंगिक समानता और कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम का संदेश दिया।

■ बालिका संरक्षण पर छात्राओं ने प्रस्तुत की कलाकृतियां

कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना तथा उन्हें जन्म लेने, शिक्षा प्राप्त करने और जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ने के समान अवसर उपलब्ध कराने के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर चित्रकला, रंगोली एवं भाषण प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्राओं को सामाजिक विषयों पर विचार और रचनात्मक प्रतिभा प्रस्तुत करने का अवसर मिला।

रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं ने आकर्षक रंगोलियों के माध्यम से बालिका संरक्षण, बेटियों के महत्व और लैंगिक समानता के संदेश को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में अरावली टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं शिवालिक टीम द्वितीय, उदयगिरी टीम तृतीय तथा नीलगिरी टीम चतुर्थ स्थान पर रही। छात्राओं की प्रस्तुतियों में बेटियों के प्रति सम्मान और समान अवसर की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी। चित्रकला प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी कलात्मक प्रतिभा के माध्यम से बालिकाओं के अधिकारों, संरक्षण और सुरक्षित भविष्य से जुड़े विषयों को चित्रें में उकेरा। प्रतियोगिता में कक्षा आठवीं की छात्र दीक्षा दीवाकर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी कक्षा की अंशिका ने द्वितीय तथा कक्षा सातवीं की प्रियंका भास्कर ने तृतीय स्थान हासिल किया। छात्रओं की चित्रकारी ने समाज में बेटियों को समान अवसर देने और उनके प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने का संदेश दिया। भाषण प्रतियोगिता में कक्षा 11वीं, विज्ञान संकाय की छात्र मुस्कान कुर्रे ने कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम तथा बेटियों के समानता के अधिकार विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने बालिकाओं को समान अधिकार देने और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को समझने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रओं को सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जागरूक नागरिक के रूप में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही उन्हें स्वल्पाहार भी दिया गया। छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अच्छी शिक्षा प्राप्त करने, अपने लक्ष्य निर्धारित करने और भविष्य में परिवार, समाज तथा देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया गया।

युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने किया जागरूक



मुंगेली। युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने और समाज में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में संचालित छत्तीसगढ़ शबरी सेवा संस्थान के एकीकृत पुनर्वास केंद्र की ओर से सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय दाउपारा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए स्वस्थ व नशामुक्त जीवनशैली अपनाने रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान तंबाकू, सिगरेट, शराब और प्रतिबंधित नशीली दवाओं के सेवन से शरीर, मस्तिष्क, शिक्षा, करियर तथा सामाजिक जीवन पर पड़ने वाले गंभीर दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में स्वस्थ आदतें अपनाने, सकारात्मक संगति बनाए रखने और किसी भी प्रकार के नशे के दबाव से दूर रहने पर विशेष जोर दिया गया। विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि, जीवन में सफलता के लिए स्वास्थ्य, अनुशासन और सही निर्णय लेना आवश्यक है।